54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 28.1°c
अधिकतम 25.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:59, सूर्यास्त - 6:35 | वर्ष : 54/ अंक : 246 | रविवार, 06 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

कोई भी कामकाज हो.... है पैनी नजर जरूरी...

**।। अमृतवाणी ।।**
किस्मत ऊपर वाला नहीं लिखता, हम लिखते हैं। हमारे कर्मों का जो फल होता है, वही किस्मत कहलाता है।

स्वतंत्र-निष्पक्ष न्यायपालिका के साथ स्वतंत्र-निष्पक्ष मीडिया भी जरूरी : नितिन गडकरी



# जन्माष्टमी पर उठाई गयी नाबालिग किशोरी, तीन असमाजिक तत्वों पर दुष्कर्म का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** असामाजिक तत्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में भी आए दिन छिछौरी हरकतें करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर भी छपार थाना क्षेत्र के एक गांव में चौदह वर्षीया नाबालिग किशोरी को तीन असामाजिक तत्व समीर पुत्र जनाब, वलीम पुत्र सलीम, सलमान पुत्र लताफत एक किशारी को उठाकर ले गए। इसकी सूचना जब बघरा के यश्वीर महाराज को लगी तो उन्होंने वीडियो जारी कर तीनों जेहादियों को 2 दिन के अंदर न पकड़े जाने पर चेतावनी दे डाली। उक्त किशोरी एक वैश्य समाज परिवार से बताई गई है। यश्वीर महाराज की चेतावनी के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों में से एक आरोपी समीर के पिता जनाब को हिरासत में ले लिया है मगर अभी तीनों आरोपी फरार हैं। गनीमत यह रही कि किशोरी पुलिस ने बरामद कर ली। किशोरी ने बयान दिया कि तीनों मुस्लिम युवकों ने उसे उस समय उठा लिया जब जन्माष्टमी के दिन वह मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए गयी थी और वहां से उसे तीनों युवकों समीर, वलीम व सलमान ने उसे उठा लिया और रात में ही उसके साथ समीर ने गलत काम किया। समीर पर गंभीर आरोप लगाते हुए किशोरी ने कार्रवाई की मांग की। किशोरी के पिता के ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाही की मांग की है। माना जा रहा है कि जल्द ही पुलिस उक्त मामले में बड़ी कार्रवाई करेगी और मुठभेड़ में आरोपियों को गिरफ्तार दिखाया जाएगा, क्योंकि ऐसे लोगों का यही इलाज है कि उन्हें सीधा एन्काउंटर में दिखाया जाए। बड़ी बात यह है कि योगी शासन होने के बावजूद भी लगातार ऐसे मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं, जिससे यह प्रतीत होता हो कि असामाजिक तत्वों को न तो मुजफ्फरनगर पुलिस का कोई खौफ है और न ही योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर का।





## दो बच्चों की मां को लव जेहाद में फंसाने वाला जेल गया

### आरोपी के खिलाफ धर्मान्तरण आदि गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** शाहपुर क्षेत्र की महिला को लव जेहाद में फंसाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किए जाने पर स्वामी यश्वीर ने पुलिस का आभार जताते हुए आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धर्मान्तरण आदि गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। थाना शाहपुर क्षेत्र के एक गांव से दो बच्चों की मां पाल समाज की महिला को नांगल सहारनपुर का एक युवक 23 अगस्त को लव जेहाद में फंसाकर ले गया था। इसका पता चलने पर 4 दिन पहले स्वामी यशवीर महाराज ने इस प्रकरण को उठाया और महिला की बरामदगी और लव जेहादी को जेल की मांग की थी। इसके बाद पुलिस जागी और शाहपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिन्दू महिला और उसके बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। इसके साथ ही आरोपी को धर्मान्तरण आदि गंभीर धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस सराहनीय कार्रवाई के लिए के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा एवं शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह का धन्यवाद अदा किया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए महिला और उसके बच्चों को सुरक्षित मुक्त कराया। स्वामी यश्वीर ने कहा कि यह घटना एक स्पष्ट संदेश देती है कि अब हिन्दू समाज की बेटियों और बहनों को निशाना बनाने वालों की मनमानी नहीं चलेगी। जो लोग छल, प्रलोभन और झूठे प्रेम के जाल के माध्यम से हिन्दू परिवारों को तोड़ने का प्रयास करेंगे, उनके विरुद्ध आवाज उठेगी। हिन्दू समाज सजग है, संगठित है और अपनी बेटियों, बहनों तथा माताओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## जिले में डेंगू के तीन और स्वाइन फ्लू के दो और मामले मिले

### सहावली में मिला एडीज का लार्वा, पालिका ने नगरीय क्षेत्र में फॉगिंग शुरू कराई

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** मौसम में बदलाव के साथ डेंगू के फैलाव की आशंका के बीच स्वास्थ्य विभाग और पालिका प्रशासन चौकन्ना हो गया है। डेंगू के दो नए मामले सामने आने के बाद कुल पीड़ितों की संख्या पांच हो गई है। इसके अलावा स्वाइन फ्लू के भी दो और मरीज मिलने के बाद पीड़ितों की संख्या 13 हो गई है। प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें पड़ताल के लिए पहुंची हैं। इस बीच शहर के नजदीक सहावली में डेंगू के एडीज मच्छर का लार्वा मिला है। संक्रामक रोगों के प्रभारी डॉ.शमशेर ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में आज स्वाइन फ्लू के दो नए मामले सामने आए हैं। जांच में जानसठ रोड और अहाता औलिया के एक-एक बुखार पीड़ित में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। इन्हें मिलाकर जनपद में स्वाइन फ्लू पीड़ितों की संख्या 13 हो गई है। उनका कहना है कि हाल में मिले स्वाइन फ्लू के पीड़ित सामान्य बुखार जैसे लक्षणों वाले हैं और गंभीर ना होने के कारण घर पर उपचार करा रहे हैं। दूसरी ओर मौसम में बदलाव के साथ जैसे-जैसे ठंडक बढ़ रही है। तमाम स्थानों पर रुके पानी में डेंगू के लार्वा के पनपने का खतरा बढ़ गया है। जिले में डेंगू के पांच मामले मिलने के बाद प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की टीम पीड़ितों के उपचार के साथ लार्वा की तलाश में जुटी है। विभाग की टीम ने सहावली में 55 स्थानों पर पड़ताल की तो वहां पांच स्थानों पर एडीज का लार्वा मिला है। इन इलाकों में एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह ने बताया कि उनके विभाग की टीम ने एक सूचना के आधार पर शाहपुर इलाके के दूधली गांव में जांच की। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा इलाके में फॉगिंग शुरू की गई है। इसके अलावा लोगों को डेंगू से बचने के लिए सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर का लार्वा साफ और ठहरे हुए पानी में पनपता है। यह हमेशा साफ, रुके हुए पानी (जैसे कूलर, गमले, टूटे-फूटे बर्तन, टायर आदि) में तैरता है। पानी के अंदर यह छोटे कीड़े या सुंडी जैसा दिखता है, जो पानी में ऊपर-नीचे तेजी से ऐंठ-मरोड़ कर चलता है। यह पानी की सतह पर उल्टा लटक कर अपनी पूंछ जैसे हिस्से से हवा में सांस लेता है।






### लार्वा को नष्ट करने और रोकने के उपाय

**पानी न जमने दें:** घर के आस-पास कूलर, गमलों, बाल्टियों और टायरों में पानी जमा न होने दें।

सफाई: कूलर और पानी के बर्तनों को हर हफ्ते पूरी तरह खाली करके सूखाएं और साफ करें।

**कीटनाशक का प्रयोग:** पानी के ऐसे स्रोत जिन्हें हटाया नहीं जा सकता, उनमें एंटी-लार्वा ऑयल या केरोसिन की कुछ बूंदें डालें ताकि लार्वा को ऑक्सीजन न मिले और वह मर जाए।

## नेपाल में भूस्खलन से चमेलिया नदी का बहाव रुका, उत्तराखंड में हाई अलर्ट

**पिथौरागढ़, 5 सितंबर (एजेंसी)।** नेपाल की चमेलिया नदी में भूस्खलन के कारण भारी मात्रा में पानी जमा होने की खबर के बाद, पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने शनिवार को हाई अलर्ट जारी कर दिया है। प्रशासन ने झूलाघाट क्षेत्र में काली नदी के आसपास रहने वाले निवासियों को नदी के किनारे न जाने की सख्त हिदायत दी है।



पिथौरागढ़ के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र सिंह महर के अनुसार, नेपाल के गेठीगाड़ा गांव के पास काली नदी की सहायक नदी चमेलिया में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है। इसके कारण नदी का बहाव बाधित हो गया है और वहां भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है। इस पूरी स्थिति की जानकारी नेपाल के बैतड़ी और दाचुर्ला जिलों के मुख्य जिला अधिकारियों द्वारा भारतीय प्रशासन को दी गई है। अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में काली नदी का जलस्तर सामान्य है, लेकिन भविष्य में जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए नदी के किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## जानसठ सभासद विशू पाल की शिकायत पर हुई कार्यवाही

- परिवार का महिमामंडन करने और पीएम व सीएम को नजर अंदाज करने का आरोप
- जिला अधिकारी की कार्यवाही पर जानसठ नगर पंचायत चेयरमैन के होर्डिंग्स हटाये गये






**जानसठ/मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)।** योगी सरकार में भी नगरपंचायत चेयरमैनों की ढींगामुश्ती इतनी बढ़ गयी है कि दूर-दूर तक भी सरकार का खौफ नजर नहीं आता है। ऐसा ही एक मामला जानसठ नगर पंचायत चेयरमैन का सामने आया है, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष आबिद हसन की शिकायत भाजपा के नामित सभासद विशू पाल को सीएम पोर्टल पर करनी पड़ी। ढींगामुश्ती दिखाते हुए डॉ. मौ. आबिद ने अपने परिवार के प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स लगवाये हुए थे, जो कि नियम के पूर्णतय खिलाफ थे। एक बार शिकायत करने के बाद नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने यह कहते हुए अपना पीछा छुड़ाने का काम किया कि इस होर्डिंग्स पर पीएम और सीएम के फोटो भी लगे हैं, मगर आश्चर्य की बात यह है कि नगर पंचायत चेयरमैन अपने आप को सीएम और पीएम से भी बड़ा मानकर अपने व अपने परिवार के बड़े-बड़े फोटो लगाकर अपना प्रचार अधिक और पीएम व सीएम का मामूली सा फोटो लगाकर उन्हें नजर अंदाज कर रहे थे। फिलहाल विशू पाल की शिकायत पर डीएम द्वारा कार्यवाही कराते हुए हाथो हाथ यह होर्डिंग्स हटवा दिये गये हैं। बताया गया है कि होर्डिंग्स एक नहीं दो-दो लगे हुए थे।

## सर्किट हाउस में नमाज पढ़ने पर सपा विधायक के चाचा पर रिपोर्ट



**मुरादाबाद, 5 सितंबर (एजेंसी)।** मुरादाबाद के बिलारी के सपा विधायक मो. फहीम के चाचा मो. उस्मान के खिलाफ मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने सर्किट हाउस में रास्ते में गाड़ी खड़ी कर नमाज पढ़ी। इससे आने वाले वालों को परेशानी हुई। पुलिस ने कार्रवाई सर्किट हाउस के प्रभारी जेई अनिल कुमार की तहरीर पर की है। मो. उस्मान सपा में जिला उपाध्यक्ष हैं। नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव बृहस्पतिवार को सर्किट हाउस में आए थे। इस दौरान उन्होंने एमएलसी चुनाव को लेकर सर्किट हाउस में सपा नेताओं के साथ बैठक भी की थी। शुक्रवार को वह चले गए थे। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। शुक्रवार की रात

## बौछारों के बीच मौसम ठंडा, 16 डिग्री एसी की हवा देने लगे पंखे

### दिन में रिमझिम फुहारों से प्रभावित हुआ जनजीवन

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** क्या जन्माष्टमी के बाद मौसम बदल रहा है, एक ओर जहां दिन घट रहा है, वहीं कल और आज हल्की बूंदाबांदी और लगातार बादलों के जमाव के बीच नगर में आज तापमान अधिकतम 28.1 और न्यूनतम 25.0 रहा। इसके साथ ही 9.0 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बदले मौसम के बीच आज हवाओं में ठंडक रही और पंखे 16 डिग्री एसी की हवा छोड़ते नजर आए। दिन भर रुक-रुककर हल्की बौछारों के जारी रहते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम में बदलाव की आहट आने लगी है। पुरानी कहावत है कि जन्माष्टमी पर जाड़े की जड़ पड़ जाती है, लेकिन विगत वर्षों में यह बात जम नहीं रही थी। इस बार मौसम ठंडक के अहसास से बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। शुक्रवार के बाद शनिवार को सुबह से रुक-रुककर बारिश होने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। बारिश के बाद मौसम सुहावना बना हुआ है। आसमान में बादल छाए रहने से तापमान में भी गिरावट की संभावना है। लोगों को बारिश के कारण जहां गर्मी से राहत मिली। हवाओं में ठंडक के साथ पंखे भी 16 डिग्री पर एसी की हवा छोड़ते महसूस हुए। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट और बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। अगले 24 घंटे मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना है। इस दौरान बादल छाए रहने के साथ बारिश हो सकती है। इससे उमस और गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।



## मच्छरों और डेंगू से सावधान

**मुजफ्फरनगर।** मौसम में परिर्वन के बाद मच्छरों के प्रकोप के साथ डेंगू और वायरल फैलने का खतरा बढ़ गया है। बदलते मौसम के साथ स्वास्थ्य संबंधी सावधानी बरतने की भी जरूरत है। पानी के जमाव और मौसम में ठंडक आने के बाद मच्छरों के पनपने का खतरा बढ़ गया है। इससे डेंगू का लार्वा पनप सकता है। ठंडा मौसम डेंगू के मच्छर के पनपने के लिए अनुकूल माना जाता है। बारिश के बाद तापमान में उतार-चढ़ाव और वातावरण में नमी बढ़ने से फ्लू व वायरल इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को बारिश में भीगने से बचने, गीले कपड़े तुरंत बदलने और साफ-सफाई का ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। इस मानसून सीजन में अब तक बारिश का आंकड़ा सामान्य से काफी ज्यादा रहा है। 1 जून से अब तक जिले में 74 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की सक्रियता बनी रहने से आने वाले दिनों में भी बारिश के दौर जारी रहने की संभावना है।

## कांशीराम आवास के पीछे बाग में दो शीशम के पेड़ कटने के मामले की गूंज, अधिकारियों ने पालिका के पाले में फेंकी गेंद






वन विभाग के प्रभागीय वनाधिकारी अभिनव राज

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** लगभग चार दिन पहले खांजापुर स्थित काशीराम आवास कॉलोनी के पीछे बाग से दो शीशम के पेड़ सुबह 4-5 के बीच कटने का आरोप लगाते हुए क्षेत्र के लोगों ने इसकी सूचना मीडिया को दी। सोशल मीडिया पर जब यह फोटो, वीडियो वायरल हुआ तो सभासद योगेश मित्तल ने स्पष्ट किया कि उक्त पेड़ों को काटकर यदि मंदिर में उसका पैसा दे दिया गया तो इसमें कौन सा गुनाह हो गया, मगर इस पर भी लोगों ने सवाल उठाए कि मंदिर को देना न देना तो अलग बात है, मगर किसकी इजाजत से ये पेड़ काटे गए हैं और मंदिर कमेटी क्या इन पेड़ों की मालिक थी? वन विभाग को इसकी सूचना देकर यदि पेड़ काटे गए हैं, फिर तो सब सही है, लेकिन यदि चोरी से इस तरह पेड़ काटे गए हैं, तो चोरी तो चोरी ही मानी जाएगी। उक्त मामला आज जन्माष्टमी सम्पन्न होने के बाद जब वन विभाग के प्रभागीय वनाधिकारी अभिनव राज तक पहुंची तो उन्होंने फिलहाल के लिए यह कहते हुए कि नगर पालिका की जमीन पर उक्त पेड़ हैं और पालिका को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। अब उक्त मामले में फिलहाल पूरी तरह शोर मचने के बाद उक्त मामला पेचीदा हो गया है। एक ओर सभासद योगेश मित्तल मंदिर के प्रति अपनी भावना को ठीक बता रहे हैं वहीं दूसरी ओर आम जनता इस पर विश्वास करने को तैयार नहीं है। आमजन का कहना है कि यदि उन्हें यह काम करना ही था तो पूरे विश्वास में लेकर करना चाहिए था और यदि यह काम चोरी से किया गया है तो कहीं न कहीं जरूर इसमें झोल है। मामले की जांच होने के बाद सत्यता सामने आएगी, फिलहाल इस मामले की गूंज पूरे शहर में है और बेसिक शिक्षा विभाग, नगर पालिका और वन विभाग ये तीनों विभाग उक्त जमीन और पेड़ों को एक दूसरे का बता रहे हैं। जल्द ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।



## सांप के डसने से घर में सो रही महिला की मौत

**भोपा, 05 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव अलमावाला में शुक्रवार देर रात सोते समय एक महिला को जहरीले सांप ने डस लिया, जिसके बाद महिला के परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भोपा थाना क्षेत्र गांव अलमावाला निवासी सुखदेव सिंह ने जानकारी देकर बताया कि उसकी माता 62 वर्षीय गुरमीत कौर शुक्रवार की देर रात घर में सो रही थी। शनिवार की सुबह लगभग तीन बजे गुरमीत कौर को अचानक तेज दर्द का अहसास हुआ, जिसके बाद उसने परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया। परिजन कुछ समझ पाते इतनी ही देर में उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। आनन फानन में परिजनों द्वारा गुरमीत कौर को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुखदेव सिंह ने बताया कि उनकी माता के बाएं पैर में जहरीले सांप ने डसा है। सांप को कॉमन करैट बताया गया है। गुरमीत कौर की अचानक मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी है। मृतका के पुत्र सुखदेव सिंह पुत्रवधू चरणजीत कौर, पौत्र एकलदीप शादीशुदा पुत्री मनप्रीत कौर, चरणजीत कौर का रो रोकर बुरा हाल हैं।



**जहरीले सांपो का प्रकोप जारी**

**भोपा, 05 सितम्बर (बु.)।** क्षेत्र में जहरीले सांपों का प्रकोप जारी है। जहरीले सांप के डसने से बीते 28 जुलाई की सुबह गांव शुक्रतारी में सुशीला पत्नी धर्मसिंह की कोबरा सांप के डसने से मौत गयी थी। इसके अलावा 28 जुलाई की रात गांव योगेन्द्र नगर में युवक अजत पुत्र कुलदीप की भी करैत सांप के डसने से मौत हो गयी थी।

## पंखा लगाने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

### युवक की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**भोपा, 05 सितम्बर (बु.)।** थाना ककरौली क्षेत्र के गांव मीरावाला में टेबल फैन लगाने के दौरान करंट लगने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। असमय युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव मीरावाला निवासी रणतेज चंदेल 30 वर्ष शनिवार की दोपहर को बरामदे में टेबल फैन लगा रहा था। इसी दौरान किन्हीं कारणों से टेबल फैन के प्लग में तीव्र करंट उतर आया, जिसने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। आनन-फानन में परिजनों द्वारा रणतेज को चिकित्सको के पास ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने युवक मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत से पिता मंथन सिंह, मां जसविंदर, भाई सुधीर व आदेश का रो-रोकर बुरा हाल है।



## चित्रकूट में मंदाकिनी का कहर : 250 से अधिक दुकानें तबाह

**चित्रकूट, 5 सितंबर (एजेंसी)।** चित्रकूट में मंदाकिनी का पानी उतरा तो रामघाट में बाढ़ की तबाही का भयावह मंजर सामने आ गया। बृहस्पतिवार शाम तक जहां दुकानें और मंदिर पानी में डूबे थे, शुक्रवार को वहां पानी उतरने से हर तरफ आठ से नौ फीट तक मलबा जमा मिला। जिला उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने दावा किया कि 250 से अधिक दुकानदार प्रभावित हैं। बाढ़ से 100 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। कई व्यापारियों के पास खाने तक का सामान नहीं बचा। शुक्रवार को नदी का जलस्तर 125.400 मीटर दर्ज हुआ, जो खतरे के निशान 126.500 मीटर से करीब एक मीटर नीचे है। पानी घटने पर जो स्थिति सामने आई है, उसमें सामने आया कि तुलसीदास मंदिर, जागेश्वर धाम और भरत मंदिर बाढ़ में गिर गए हैं। राठी धर्मशाला और निरमोही अखाड़े में साधु-संतों का सामान बर्बाद हो गया। धारा आश्रम के ऊपर से पानी बहने से दरारें आ गई हैं। रामघाट और बाहर के होटलों का फर्नीचर, गेट तक बह गया। रामघाट की 80 से ज्यादा दुकानें और मंदिर बाढ़ की चपेट में रहे। कई दुकानों का सामान तेज बहाव में बह गया, कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। बाहर क्षेत्र की 200 से ज्यादा दुकानों में व्यापारी दिनभर मलबा हटाते रहे। वहीं आसपास मिलाकर 250 के करीब दुकानदारों की दुकानें तबाह हो गईं। उधर, मंदाकिनी के उफान से कर्वी के 19, राजापुर के 7 और मानिकपुर के 10, कुल 36 गांवों के 13,906 लोग प्रभावित हुए हैं। प्रशासन भोजन, राहत सामग्री और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा रहा है। रामकरन, भोला प्रसाद, कैलाश मिश्रा, मनकू तिवारी ने बताया कि पानी बाहर क्षेत्र तक पहुंचा तो लगा अब नहीं बढ़ेगा लेकिन 15 मिनट में ही जलस्तर तेजी से बढ़ा। लोगों को सामान और कागज निकालने तक का मौका नहीं मिला। देखते ही देखते दुकानें-मकान डूब गए।

# नगर में गोविंदा आला रे की तर्ज पर मानव पिरामिड बनाकर फोड़ी कान्हा जी की हांडी, रोमांचित हुए श्रद्धालु







मुजफ्फरनगर, 5 सितम्बर (बु.)। कुछ चीजों का क्रेज कभी खत्म नहीं होता। ऐसे ही जन्माष्टमी के पर्व पर एक-दूसरे के ऊपर खड़े होकर दही-हांडी फोड़ने का क्रेज आज तक कायम है। मुजफ्फरनगर में फिर एक बार नई मंडी उत्तरेजा मेडिकल के पीछे स्थित ठाकुर जी की हवेली में आज यह रोमांचक दृश्य देखने को मिला। नए-नए युवाओं ने जब एक-दूसरे की पीठ पर चढ़ने का अभ्यास किया और कुछ देर के लिए लड़खड़ाए भी मगर फिर आखिर में मक्खन से भारी हांडी फोड़ने में सफलता हासिल कर ही ली। बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए नगर की प्रथम नागरिक मीनाक्षी स्वरूप व बुलेटिंग संपादक अंकुर दुआ ने बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए जोरदार तालियां बजाई और उन्हें प्रमाण पत्र सहित पुरस्कार से सम्मानित भी किया। हांडी तोड़ने की परंपरा अभी तक सिर्फ महाराष्ट्र मथुरा वृंदावन और जगन्नाथपुरी में ही दिखाई पड़ती थी, मगर मुजफ्फरनगर में शुरू हुई इस परंपरा ने सबका मन मोह लिया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी और फूलों की वर्षा के बीच यह दृश्य देख रहे सैकड़ों श्रद्धालु पूरी तरह रोमांचित नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन श्रीजी सेवा मण्डल ग्रुप, नई मण्डी की ओर किया गया। कार्यक्रम में पुष्टीय मार्गीय हेवली श्री गोवर्धन नाथ जी मंदिर के वरिष्ठ पदाधिकारी अधिवक्ता हासा नन्द शर्मा, राजेश भाटिया, उत्तरेजा मेडिकल आदि की ओर से किया गया। आए हुए अतिथि बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप का मंदिर कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर स्वागत किया।

# शाहपुर में भगवान कृष्ण की भव्य शोभायात्रा का आयोजन

## – पूर्व विधायक उमेश मलिक ने किया विधिवत शुभारंभ – वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी ने की ध्वज की स्थापना









शाहपुर, 05 सितम्बर (बु.)। नगर के प्राचीन शिव मंदिर शिवालय से श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा का शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पालकी पूजन के बाद पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा नेता अरविंद पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्यामपाल भाई जी, प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल, रालोद नगर अध्यक्ष मनोज सैनी, भाजपा नेत्री रूबी सैनी, सभासद अभिषेक चौधरी तथा रामलीला कमेटी अध्यक्ष सुनील मित्तल ने संयुक्त रूप से शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन मानव समाज के लिए प्रेरणादायक और शिक्षा देने वाला है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन और उनके उपदेशों से श्रद्धालु धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेते हैं। इसके साथ ही श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला ग्राउंड में धार्मिक विधि-विधान के साथ ध्वज स्थापित किया गया। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्यामपाल भाई जी ने ध्वज स्थापना की। इस अवसर पर व्यापारी नेता बालेश सिंघल, यात्रा संयोजक अनिल बंसल, वरिष्ठ संघ नेतामणिकांत मित्तलवरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, पत्रकार अमन ठाकरान, सचिन धवन, राधेश्याम नामदेव, अमन मित्तल, ब्रजमोहन कोरी, अर्पित गोयल, महकू सैनी, घनश्याम नामदेव, चौधरी चन्द्रवीर सिंह प्रवेश गोयल पवन भटनागर अक्षय गोयल आदि मौजूद रहे। श्री आदर्श रामलीला कमेटी एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के संयुक्त तत्वाधान में भगवान श्री कृष्ण की भव्य पालकी शोभायात्रा नगर के प्राचीन शिव मंदिर से विभिन्न मौहल्लों में होते हुए वापस प्राचीनमंदिर शिवालय पर ही संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला महोत्सव के झंडे का भी पूजन किया गया। श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति शाहपुर के अथक प्रयास से पुरानी परंपरागत रूप से 5 दशकों से चली आ रही भगवान श्री कृष्ण की भव्य पालकी यात्रा को आज फिर से बैंड बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गयी। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह,चौकी प्रभारी राहुल कुमार के साथ-साथ थाने की पुलिस फोर्स एवं पीएसी पूरी शोभायात्रा में मौजूद रहे। तीसरी बार ठाकुर जी के साथ श्याम बाबा की भी सवारी निकाली गई। प्राचीन शिव मंदिर शिवालय पर भगवान कृष्ण की आकर्षक पालकी का पूजन एवं भव्य शोभायात्रा का विधिवत पूजन वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल, मणीकांत मित्तल एवं प्रमुख समाज सेवी उमेश मित्तल अमन मित्तल एवं कुंज मित्तल के कर कमलो द्वारा किया गया। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष श्रीमती रूबी सैनी ने किया। विशेष पूजन एवं प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल के साथ-साथ सभासद मनोज सैनी ने किया। खाटू श्याम जी के रथ का दीप प्रज्वलित समाजसेवी अरविंद पाल एवं सभासद मनोज सैनी ने किया। विशेष पूजन पंडित विजयपाल शर्मा ने संपन्न कराया। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी डॉ अनुज अग्रवाल एवं विनय आदि ने ठाकुर जी को पालकी में विराजमान कराया। प्राचीन शिव मंदिर में कान्हा जी की पालकी शोभा यात्रा का विधिवत रूप से हुए शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी, सुनील मित्तल, बालेश सिंघल, राधेश्याम नामदेव, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, चौधरी चंद्रवीर सिंह, राहुल गोयल, पूर्व सभासद भंवर पाल कश्यप, शोभा यात्रा में विशेषसहयोगी बृजमोहन कोरी, अनिल बंसल के साथ-साथ प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, सभासद मनोज सैनी, अनुज अग्रवाल, मणिकांत मित्तल, रूबी सैनी, सचिव शिवकुमार सैनी, डॉ. देवेंद्र कुड़िया, अनिल बंसल, सुनील मित्तल, प्रवेश गोयल, अक्षय गोयल, विनय गोयल, टोनी शर्मा, अमन सैनी, सचिन धवन ,ठाकराण,मुकेश सैनी,डा.अमित पाल,पीयूष ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे। वहीं शाम को इस अवसर पर श्री रामलीला के झंडे का पूजन हुआ। देर शाम बैंड बाजे के साथ ध्वजारोहण किया एवं श्री रामलीला के ध्वज का वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पूजन कराया। श्री रामलीला के ध्वज की रामलीला मैदान में स्थापना की गई।

# फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने पहली बार आयोजित किया फैमिली मूवी शो





मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस)। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से पहली बार उद्यमियों एवं उनके परिवारों के लिए एक विशेष फैमिली मूवी एवं गेट-टुगेदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रैंड प्लाजा मॉल स्थित मूवी हॉल में फेडरेशन द्वारा पूरा हॉल विशेष रूप से बुक कर हनुमान अंश फिल्म का सामूहिक प्रदर्शन कराया गया। फेडरेशन के सदस्य अपने परिवारों के साथ बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी ने फिल्म का भरपूर आनंद लिया। यह फेडरेशन की ओर से प्रथम बार आयोजित किया गया मूवी शो था, जिसे सदस्यों एवं उनके परिवारों द्वारा बेहद पसंद और सराहा गया। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि फेडरेशन का उद्देश्य केवल उद्योग एवं व्यापार से जुड़े विषयों पर कार्य करना ही नहीं, बल्कि अपने सदस्यों एवं उनके परिवारों के बीच मित्रता, पारिवारिक जुड़ाव, सौहार्द और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना भी है। इसी भावना के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। कार्यक्रम में शामिल सभी सदस्यों एवं उनके परिवारों ने फेडरेशन की इस पहल की सराहना की। फेडरेशन की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों, पदाधिकारियों एवं सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त किया गया।



रुड़की रोड स्थित राधा कृष्ण कुष्ठ आश्रम में वरिष्ठ समाजसेवी भीमसेन कंसल ने कुष्ठ आश्रम में रह रहे सभी संमवासी को अपने हाथों से चाय-रसगुल्ला, छोले -भटूरे का प्रसाद वितरित किया। - फोटो बुलेटिन

# शिक्षक दिवस पर सिटी चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में हुआ भव्य आयोजन

## शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं भविष्य का निर्माण भी करते हैं : नीलू त्यागी







मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। शिक्षक दिवस के अवसर पर सिटी चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा हर्षोल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, कविता एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त करते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय प्रधानाचार्या नीलू त्यागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं भविष्य का निर्माण भी करते हैं। एक अच्छे शिक्षक का मार्गदर्शन विद्यार्थी के जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण शशि सोनकर, शिखा सिसोदिया, प्रीति सूद, प्रियंका धीमान, शैली त्यागी, वासु धीमान, आरज़ू, कनक, कोमल तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 158350 | चांदी- | 241300 |
| सिक्का- | 2600 | गिन्नी- | 109535 |

## आपका आज का राशिफल

रविवार, 06 सितम्बर, 2026

**मेष-** आज दिन 9/58 बजे तक सफलता का सुयोग, सद्विचारों का उदय, आत्मिक शांति, शेष समय में कठिनाइयां, व्यवहार में लापरवाही नुकसानदायक, शत्रु सक्रिय।

**वृषभ-** विचाराधीन योजना पर कार्यारम्भ, परिवारिक समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त, नवसमाचार की प्राप्ति से प्रसन्नता, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, धनागम भी।

**मिथुन-** पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, विशिष्टजनों से सम्पर्क उपयोगी, ज्ञानविज्ञान की ओर अभिरुचि, राजकीय पक्ष से सहयोग, परिवार में उपस्थित मतभेद समाप्त।

**कर्क-** आज दिन 9/58 बजे तक निराशा, राजकीय पक्ष से उलझनें, स्वजनों से मनमुटाव, शेष समय शुभ, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह।

**सिंह-** आज दिन 9/58 बजे तक कठिनाइयों में कमी, समस्या का समाधान, स्वास्थ्य में सुधार, शेष समय किसी योजना को लेकर चिन्तित, मानसिक तनाव।

**कन्या-** कार्य-व्यवसाय में उन्नति, प्रियजनों के माध्यम से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्रोत, उपस्थित पारिवारिक सद्भाव, वैवाहिक जीवन में संतोष, यात्रा सुखद।

**तुला-** मनोभिलाषित योजना मूर्तरूप में परिणित, शत्रु पराभूत, मित्रों से वांछित सहयोग, पठन-पाठन में रुचि, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

**वृश्चिक-** आज दिन 9/58 बजे तक समय अशुभ, परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, धन हानि भी, शेष समय में दिनचर्या व्यवस्थित, साहसिक प्रयास में प्रगति।

**धनु-** आज दिन 9/58 बजे तक समय संतोषजनक, लाभ का सुयोग, सुसंदेश की प्राप्ति, आपसी सम्बन्ध मधुर, शेष समय में प्रतिकूलता, योजना अधूरी, द्रव्य की क्षति।

**मकर-** निराशा का समापन, स्वास्थ्य सुधार पर, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, दूसरे के आश्वासनों से मानसिक राहत, घरेलू वातावरण सुखद।

**कुम्भ-** विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, मनोविनोद के अवसर, प्रेम-सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आहार-विहार में नवीनता।

**मीन-** आज दिन 9/58 बजे तक इच्छापूर्ति में व्यवधान, बढ़ते हुए खर्च से चिन्तित, अकारण भ्रमण, शेष समय बेहतर, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, आत्मिक शांति।

# तेज बारिश में गिरा गरीब का आशियाना, टला हादसा



भोपा, 05 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र में लगातार हो रही तेज बारिश कच्चे मकानों के लिये आफत बनी हुई है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव किशनपुर में बारिश के दौरान मजदूर का कच्चा मकान ढ़ह गया। परिवार द्वारा समय से बाहर निकलने से एक बड़ा हादसा टल गया। मजदूर परिवार ने प्रशासन से पक्का मकान बनवाने की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर में शनिवार को तेज बारिश के चलते मौ आजाद का कच्चा मकान गिर गया। आजाद के पुत्र मौ आदिल ने बताया कि शनिवार दोपहर वह बाहर बैठा हुआ था, तभी एक बच्चे ने मकान की दीवार में दरार आने की सूचना दी, जिस पर उसने पिता आजाद, पत्नी शमा परवीन तथा पुत्र आतिफ, आकिफ व अरहम को तुरन्त मकान से बाहर निकाल दिया। कुछ देर बाद ही अचानक मकान भरभरा कर गिर गया, जिससे मिट्टी के मलबे में दबकर वहां रखा सामान खराब हो गया। पड़ोसी कमरुद्दीन, साजिद, अल्तमश, बिलकिस आदि की मदद से मलबे को हटाया गया और कुछ सामान बाहर निकाला गया। पीड़ित व ग्रामीणों ने प्रशासन से पक्का मकान बनवाने की गुहार लगाई है।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण : मीनाक्षी स्वरूप

## - शिक्षक दिवस पर नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम, शिक्षकों के योगदान को किया याद



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन कर शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष एवं कॉलेज प्रबंधक मीनाक्षी स्वरूप ने प्रधानाचार्या सुमित्रा सिंह और विद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं के साथ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का ज्ञान देने तक सीमित नहीं होते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक समाज को दिशा देने और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन शिक्षा के प्रति समर्पण और शिक्षकों के सम्मान का प्रतीक है। उनके विचार आज भी शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मीनाक्षी स्वरूप ने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे बदलते समय के अनुरूप शिक्षा के नए तौर-तरीकों को अपनाते हुए छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षक दिवस पर प्लेटिनम क्लब में आयोजित किया गया विशेष कार्यक्रम



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। शिक्षक दिवस के अवसर पर प्लेटिनम दिवास क्लब की ओर से भोपा रोड स्थित रेडिएंट इन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम को आकर्षक पाठशाला थीम पर आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब की सदस्यों ने स्कूल के दिनों की यादों को ताजा किया और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कहीं बचपन की शरारतों की झलक देखने को मिली, तो कहीं पुराने स्कूल के दिनों की यादों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। पूरे आयोजन में अनुशासन, मनोरंजन और आपसी सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला। सदस्यों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और शिक्षक दिवस को खास अंदाज में मनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं प्रबंधन प्रियंका बाठला, सोनू सिडाना, किरण वर्मा, ईशु सिडाना और रिया सप्रा द्वारा किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्लेटिनम दिवास क्लब का उद्देश्य केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि सदस्यों को आपस में जोड़ना तथा सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सकारात्मक संदेश देना भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और आयोजन को यादगार बनाने में अपना योगदान दिया।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

मीरापुर, 05 सितम्बर (बु.)। एक गांव निवासी महिला ने मीरापुर निवासी एक युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में दबिश दी है मामले में पुलिस ने पूछताछ के लिए दो युवकों को थाने बैठाया है। एक गांव निवासी महिला ने मीरापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि बीते गुरूवार की रात मीरापुर के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी कैफ पुत्र लाला घर में सो रही उसकी 14 वर्षीय पुत्री का अपहरण कर ले गया तथा सवेरा होने पर जब उन्हे जानकारी लगी, तो परिजनों ने उसको तलाशना शुरू किया, तो उसकी पुत्री बदहवास हालत में मिली। होश में आने पर उसकी पुत्री ने पूरा घटनाक्रम अपनी माँ को बताया कि कैफ उसका अपहरण करके ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी युवक के दो दोस्तों को पूछताछ के लिए थाने बैठाया है, इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पीडिता को मैडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मेले में चाऊमीन खा रहे युवक पर जानलेवा हमला

## – पीड़ित के नाना की तहरीर पर नौ आरोपियों पर मुकदमा



भोपा, 05 सितम्बर (बु.)। थाना भोपा क्षेत्र के गांव बेलड़ा में आयोजित हुए विवादित मेले में ननिहाल में मेला घूमने आए युवक पर चाऊमीन की ठेली पर हुए कुर्सी के विवाद में गांव के ही नौ दबंग आरोपियों ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। पीड़ित के नाना ने पांच दिन बाद तहरीर देकर नौ आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी धीर सिंह ने थाना भोपा पर दी तहरीर में बताया कि उसका धेवता सत्यम पुत्र सुशील निवासी बाबूपुर नंगली थाना देवबन्द, जिला सहारनपुर रक्षाबंधन के त्यौहार पर उसके घर बेलडा आया हुआ था। बीते रविवार की रात सत्यम गांव में आयोजित मेले में गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार मेला देखकर वह चाऊमीन की ठेली पर चाऊमीन खाने लगा तभी गांव के ही नौ आरोपी अपने हाथों में लाठी-डंडे लेकर वहां आ गए। आरोप है कि आरोपियों ने आते ही चाउमीन खा रहे सत्यम को कुर्सी से जबरदस्ती उठाने की कोशिश की, जब उसने आरोपियों का विरोध किया, तो आरोपी उसे मौका मिलने पर देख लेने की धमकी देकर चले गए। थोड़ी देर बाद जैसे ही उसका धेवता चाऊमीन खाकर गांव निवासी मिठाई विक्रेता अलीजान की दुकान के सामने पहुंचा, तो सभी आरोपियों ने एक राय होकर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से उस पर हमला बोल दिया, जिससे सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गया और खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ा। घायल युवक की चीख-पुकार सुनकर मौके पर आए ग्रामीणों ने उसकी जान बचाई, जिसके बाद आरोपी किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए, जिसके बाद परिजनों द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर लाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। शिकायतकर्ता की तहरीर पर भोपा पुलिस ने श्रीकान्त, वंश उर्फ मिर्ची, प्रशान्त, प्रिन्स, सचिन, अंतरिक्ष, सौरभ, तुषार और निखिल उर्फ सुक्की के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उ.प्र. उद्योग व्यापार संगठन, संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। उ.प्र. उद्योग व्यापार संगठन, संघर्ष समिति की एक बैठक माँ शाकुम्भरी कम्युनिकेशन आर्यपुरी में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कृष्णगोपाल मित्तल, विशिष्ट अतिथि सरदार बलविन्दर सिंह उपस्थित रहे। मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी व संचालन आशीष मित्तल ने किया। मुख्य अतिथि कृष्ण गोपाल मित्तल व विशिष्ट अतिथि सरदार बलविन्दर सिंह ने सभी पदाधिकारियों को मनोनयन-पत्र दिये तथा पद व गोपनीयता की शपथ दिलवायी। मुख्य अतिथि कृष्णगोपाल मित्तल ने कहा कि ताबड़तोड़ छापे व भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिनांक 11-9-2026 को टाऊन हाल से विशाल स्कूटर रैली कोर्ट रोड, टाऊन हाल रोड, भगत सिंह चौक, अंसारी रोड, पुरानी घास मण्डी, अहिल्याबाई चौक, रुड़की रोड से तुलसी पार्क पर समाप्त होगी। विशिष्ट अतिथि सरदार बलविन्दर सिंह ने कहा कि 6-9-2026 को मूलचन्द रिसोर्ट में सांय 3 बजे संगठन की मीटिंग होगी, जिसमें आगामी रणनीति बनेगी। राकेश त्यागी, आशीष मित्तल ने कहा रैली में जनपद स्तर के व्यापारी उपस्थित रहेंगे तथा उत्पीड़न के विरुद्ध हुंकार भरेंगे। रैली में कुलदीप मित्तल, प्रदीप मित्तल, संदीप मित्तल, आकाश मित्तल, कार्तिकेय मित्तल, रोहित, आरिफ, गय्यूर, हरिओम, जोनी वर्मा, दिपांशु, शाहरुख, विकास, आतिम, मुस्कीम आदि उपस्थित रहे।

# एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में जन्माष्टमी तथा शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में जन्माष्टमी तथा शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का प्रारंभ अशोक सरीन और सचिव विनोद कुमार, प्राचार्य डॉ. रेनू गर्ग एवं डायरेक्टर मंजू मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया तथा छात्र दिव्यांशी द्वारा सरस्वती आराधना प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर छात्राओं ने कृष्ण जन्म लीला की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर कृष्ण के संदेश को सार्थक किया कि केवल कर्म पर ही अपना अधिकार है फल पर नही। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. रेनू गर्ग ने कहा कि श्री कृष्णा बड़ा कोई शिक्षक नही हैं, जिसे हर व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शो को जीवन में अपनाना चाहिए। डायरेक्टर मंजू मल्होत्रा ने कहा कि वह कार्यक्रम जिसमें हम अपनी सहभागिता करते हैं। इस बात का प्रमाण है कि हम अपने जीवन में प्रत्येक महापुरुष के आचरण को अपनाए। कॉलेज के चैयरमेन अशोक सरीन और सचिव विनोद कुमार ने जन्माष्टमी तथा शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी शिक्षको को सम्मानित किया। डॉ. मुकुल गुप्त ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन के नाम में भी श्री कृष्ण का नाम है, जो यह प्रमाणित करता है कि हमारी हमारी पहचान हमारी संस्कृति को प्रदर्शित करती है। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ से डॉ. अमित चौहान, डॉ. प्रीति चौहान, छवि जैन, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, डॉ. अभिनव गोयल, अनिता सिंह, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, अमित भारद्वाज, प्रीती दीक्षित, विपुल कुमार, डॉ. दीपक मलिक, उमेशचंद त्रिपाठी, शुभम सिंघल एवं मोहम्मद आमिर आदि उपस्थित रहे।

# चार दिन बाद मंदिर में हुई चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ

मीरापुर, 05 सितम्बर (बु.)। मीरापुर के प्राचीन सिद्धपीठ भैरव मंदिर में दानपात्र का ताला तोड़कर हुई हजारों रूपयों की नकदी चोरी की घटना का पुलिस ने चार दिन बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। बुधवार को एक चोर ने दिन दहाड़े कस्बे के प्राचीन श्री भैरव मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर वहाँ से हजारों रुपयों की चोरी कर ली थी। इस दौरान मंदिर व्यवस्थापक सतीश चावड़ी ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया था, किन्तु चोर उन्हे धक्का देकर भाग गया था। सारी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी, जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से मिली चोर की फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर उसकी पहचान का प्रयास किया था। शुक्रवार की शाम थाने पहुँचे एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने उक्त चोरी की घटना पर कडी नाराजगी जाहिर की थी।, जिसके बाद शनिवार को पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नचिकेता स्कूल्स में हर्षोल्लास एवं सम्मान के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस





मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। नचिकेता स्कूल्स में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं सम्मान के साथ मनाया गया। यह दिवस महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत, भाषण एवं मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और वातावरण को उत्साह एवं उमंग से भर दिया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के लिए ग्रीटिंग कार्ड, शुभकामना संदेश एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के योगदान, मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। विद्यालय की उप -प्रधानाचार्या जसबीर कौर एवं उप -प्रधानाचार्या (एडमिनिस्ट्रेशन) विक्की जैन ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके समर्पण, मेहनत एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान की सराहना की। समारोह का समापन शिक्षकों के प्रति आभार एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ। पूरा विद्यालय परिसर गुरु ही ज्ञान का प्रकाश हैं कि भावना से ओत-प्रोत नजर आया।

# एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय शिक्षक दिवस



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती एवं राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं वोकेशनल स्टडीज में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह, हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके जीवन, विचारों एवं शिक्षण दर्शन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ केक काटकर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज की वह सशक्त नींव हैं, जिनके ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से एक सशक्त, जागरूक एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है। संस्थान के निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार ने सभी शिक्षकगण को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने का कार्य नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे महाविद्यालय के शिक्षक विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि उन्हें जीवन मूल्यों, अनुशासन, नैतिकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी जागरूक करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी शिक्षकगण के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए किया गया। सभी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों एवं समाज के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी पदाधिकारीगण एवं स्टॉफ, डॉ. वैशाली, डॉ. भुवनेन्द्र सिंह, डॉ. निशा सिंह, डॉ. पायल दीपक, डॉ. हुमा सैफी, डॉ. पेपिन कुमार, प्रवीन कुमार, ईशान अग्रवाल, मीनू देवी, रितू कौशिक, आसिफ खान, रवि कुमार, प्रभा, दीपिका, डॉ. कुलदीप सैनी, मौ. जुबैर, मिनाता, नसीम अहमद, पल्लवी, अंशु पंवार, निदा बेबी, सुबोध कुमार, विनय कुमार, सना जैदी, सोनू कुमार, अक्षय वर्मा, एलिश, स्मृति माथूर, शुभम, ब्रजेश आदि उपस्थित रहे।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## एक मुलाकात और इतने जज्बात

अखिलेश यादव और कोंकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका की बन्द कमरे में डेढ़ घंटे तक एक मुलाकात क्या हुई कि बहुत से सियासी जज्बात सामने आ गये, यानी भेंट एक,भावनाएं अनेक। दोनों की मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी हैं। माना जा रहा है कि कॉकरोच पार्टी उत्तर प्रदेश में अपनी जड़ें तलाश रही है। चर्चा यह भी है कि अखिलेश यादव इस मुलाकात से कांग्रेस के जज्बात उभरना चाहते हैं, कांग्रेस को कोई संदेश देना चाहते हैं। इस मुलाकात से कई लोगों के जज्बात सामने आये हैं, कई यू ट्यूबरों की भावनाएं भी सामने आयी हैं, चैनलों के एंकर भी अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे है। एक यूट्यूबर ने कहा कि अखिलेश यादव न जाने कौन सी राजनीति पर चल रहे हैं? रोजाना सुबह उठते ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार लेते हैं। एक चैनल के एंकर ने कहा कि सपा का टिकट चाहने वाले, कोंकरोच पार्टी वाले रांका को ढूंढ रहे हैं पूछ रहे हैं कि यार किसी की रांका तक पहुंच हो तो बताओ? क्योंकि रांका की पहुंच भैया अखिलेश तक है, टिकट का जुगाड़ कराओ। अखिलेश यादव और रांका की मुलाकात पर अब सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद के जज्बात सामने आये हैं। उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सीजेपी के प्रवक्ता ने अखिलेश यादव से मुलाकात तो की थी, लेकिन इसका मकसद आभार जताना था। यह मुलाकात इसलिए थी, क्योंकि समाजवादी पार्टी ने जंतर-मंतर पर हुए देशव्यापी युवा आंदोलन का समर्थन किया था और सदन में लगातार यह मुद्दा उठाया था। अखिलेश यादव और डिंपल यादव ने आंदोलन को समर्थन दिया था। समाजवादी पार्टी सीजेपी के किसी भी दूसरे मुद्दे या राजनीतिक फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। डेढ़ घंटे की बन्द कमरे की मुलाकात का मकसद आभार जताना ही था, यह बात कई नेताओं के गले नहीं उतर रही है। इस मुलाकात पर सबसे अच्छी जबान में ओमप्रकाश राजभर ने तंज कसा है। आजमगढ़ के अतरौलिया में भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अब कॉकरोच पार्टी के सहारे ही चुनाव लड़ना चाहती है, क्योंकि उनके पास अब न कार्यकर्ता हैं न प्रत्याशी न ही वोटर बचे हैं। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि सोशल मीडिया पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, उससे उन्हें लगता है कि अखिलेश यादव के कारनामे से मुस्लिम और यादव समाज के लोग नाराज हैं।अखिलेश यादव की कार्यशैली पर हमला बोलते हुए राजभर ने कहा कि मुलायम सिंह यादव और शिवपाल यादव साइकिल लेकर गांव-गांव घूमते थे, लेकिन अखिलेश यादव एसी में बैठकर कमरे ही में सरकार बनाने के सपने देख रहे हैं। समाजवादी पार्टी के पीडीए के नारे पर भी ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि पी से पहला 2017 में चुनाव हारे, डी से दूसरा2022 में चुनाव हारे और ए से अब 2027 में चुनाव हारेंगे। अखिलेश यादव की आशुतोष रांका से हुई मुलाकात को लेकर राजभर ने कहा कि टीवी में तो दिखाता है कि लाल वाला स्प्रे तिलचट्टों को खत्म करने के लिए होता है, यहां तो लाल वाला खुद ही तिलचट्टों से मदद मांग रहा है। ओम प्रकाश राजभर ने सवाल उठाया है कि क्या समाजवादी पार्टी को अब अपने कार्यकताओं और समर्थकों पर इतना भी भरोसा नहीं रहा कि उसे तिलचट्टों का सहारा लेना पड़ रहा है। ओम प्रकाश राजभर ने एक्स पर अखिलेश यादव को सम्बोधित करते हुए लिखा, का हो अखिलेश यादव जी! सुने हैं कि आप अभिजीत नक्षत्र में दीपक जलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच आपके घर में तिलचट्टे आने लगे, वो भी मुंह बांध के। टीवी में तो दिखाता है कि लाल वाला स्प्रे तिलचट्टों को खत्म करने के लिए होता है, यहां तो लाल वाले खुद ही तिलचट्टों से मदद मांग रहे हैं। अब पता चल गया है कि आप भी रील बाज तिलचट्टन के बल पर राजनीति करने वाले हैं। आप चांदी के चम्मच वाले हैं, विदेशी ताकत और अकूत पैसे के बल पर सत्ता का खेल आपकी पुरानी आदत है। आपके सैफई सिंडिकेट के बच्चे तो विदेश में पढ़ते हैं, लंदन-पेरिस घूमते हैं, मगर यही बिनती है कि अपने गांव-देहात के यादव और गरीब जोलहा-पसमांदा मुस्लिम युवाओं को ऐसी आग में मत झोंकिएगा कि उनका और उनके परिवार का भविष्य तबाह हो जाए। ओम प्रकाश राजभर के इस ट्वीट का काफी चर्चा हो रहा है। एक अन्य पोस्ट में ओम प्रकाश राजभर ने निशाना साधते हुए लिखा, अखिलेश जी, कम से कम भगवान कृष्ण के तो बनकर रहिए। आपका एक इंटरव्यू देखा, पत्रकार ने सीधा सवाल पूछा, जय श्री राम बोलूं या जय श्री कृष्ण? सवाल साफ था, लेकिन आपने तड़ाक से बात ही बदल दी। माइक पर एक बार भी जय श्री राम या जय श्री कृष्ण बोलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। ओम प्रकाश राजभर, अखिलेश यादव पर तंज पर तंज कसते जा रहे हैं, मगर अखिलेश कोई जवाब नहीं देते शायद वे उनके वोटबैंक की नारजगी मोल नहीं लेना चाहते। आशुतोष रांका और अखिलेश यादव की यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब सीजेपी पिछले कुछ महीनों से छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय है। पिछले महीने राजस्थान में स्कूल ठीक करो अभियान के दौरान रांका पर कथित तौर पर हमला हुआ था। इसके बाद अखिलेश यादव ने सार्वजनिक तौर पर इस मुद्दे को उठाया था। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इसके बाद सपा सांसद डिंपल यादव और आजमगढ़ से सांसद धर्मेंद्र यादव सहित पार्टी के कई नेता प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे थे और छात्रों के आंदोलन के प्रति समर्थन जताया था। अखिलेश यादव भी कई मौकों पर सीजेपी की ओर से चलाए जा रहे छात्र आंदोलन का समर्थन कर चुके हैं। अखिलेश यादव लंबे समय से शिक्षा और स्कूलों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरते रहे हैं। उन्होंने कई मौकों पर स्कूलों के बंद होने को लेकर सवाल उठाए हैं। अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार से स्कूलों के बंद होने के मुद्दे पर सवाल किया है। वहीं, उत्तर प्रदेश में प्राथमिक स्कूलों के बंद होने को लेकर भी वह राज्य सरकार पर निशाना साधते रहे हैं। इसके अलावा समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी, शिक्षा और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार पर लगातार हमला करती रही है।





# 100 शिक्षकों, 10 एआरपी व 03 एसआरजी (कुल 113) को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र व शाल भेंट कर सम्मानित किया



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। शिक्षक दिवस के अवसर पर समर्पण, नवाचार एवं शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों का सम्मान एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 तथा मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार-2025 का लाइव प्रसारण योगीराज बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षा गृह गोरखपुर से हुआ। जनपद स्तर पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशन में जन प्रतिनिधियों की गरिमामई उपस्थिति में डीएवी डिग्री कॉलेज, आर्य समाज के सभागार में आयोजित हुआ, जिसका सजीव प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से एक बड़े पर्दे पर देखा व सुना गया। कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों से 150 शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 100 शिक्षक, 10 एआरपी व 03 एसआरजी (कुल 113) को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आज हम भारत के महान दार्शनिक शिक्षाविद और देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मना रहे हैं। सभी गुरुजनों का सम्मान और अभिनंदन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा की युवा पीढ़ी में परिवर्तन लाने का कारण केवल शिक्षक ही है, शिक्षकों के द्वारा बच्चों को संस्कारी बनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ राजपाल सिंह बालियान विधायक राष्ट्रीय लोकदल, विधानसभा क्षेत्र बुढ़ाना, डॉ. वीरपाल निर्वाल अध्यक्ष, जिला पंचायत मुजफ्फरनगर, संजय राठी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर, प्रतिनिधि विधायक विधानसभा क्षेत्र मीरापुर, सुप्रिया कंडारकर कमल किशोर देशभूषण मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार द्वारा भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद और देश के द्वितीय राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई, मंच संचालन का कार्य राजीव कुमार सदस्य बाल कल्याण समिति द्वारा किया गया। डॉ. वीरपाल निर्वाल, प्रशासक अध्यक्ष, जिला पंचायत द्वारा अपने संबोधन में गुरु शिष्य परंपरा, शिक्षकों के कार्य एवं दायित्वों की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यों के संपादन में शिक्षकों की एक अहम भूमिका है, हमारे शिक्षक सभी विषयों में पारंगत है उनके द्वारा बच्चों को उत्कृष्ट श्रेणी की शिक्षा प्रदान की जा रही है, विकसित भारत-2047 को सरकार करने में शिक्षक एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी शिक्षक सम्मान के योग्य हैं, जो शिक्षक कार्यक्रम मैं सम्मानित होने से वंचित रहे हैं उन शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाए। अंत में सभी का धन्यवाद और जय भारत, जय हिंद, जयघोष के साथ संबोधन को विराम दिया गया। विधायक राष्ट्रीय लोकदल राजपाल बालियान द्वारा अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना और उन्हें संस्कारी बनाना हमारे शिक्षकों की ही देन है, उनके द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा/सराहना की गई और अंत में सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। जिला अध्यक्ष (राष्ट्रीय लोक दल) संजय राठी द्वारा उपस्थित समस्त शिक्षक गणों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं और बधाई प्रदान की गई। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर मीनाक्षी स्वरूप द्वारा उपस्थित गुरुजनों को प्रणाम करते हुए शिक्षकगणों की प्रशंसा की गई तथा उन्हें शिक्षक दिवस की बधाई/शुभकामनाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई।

## बुढ़ाना कोतवाली के सामने ई-रिक्शा में लगी आग, शॉर्ट सर्किट से हादसा, हजारों का नुकसान





बुढ़ाना, 05 सितम्बर (बु.)। बुढ़ाना कोतवाली के सामने शुक्रवार देर रात्रि 1130 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ई-रिक्शा में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। देखते ही देखते आग ने ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया और उसमें लगी बैटरियां भी जल गई। जानकारी के अनुसार ई-रिक्शा अजय पुत्र सतपाल निवासी कोतवाली रोड, बुढ़ाना का बताया गया है। ई-रिक्शा को कोतवाली के सामने अपने घर की दुकान मे खड़ा किया गया था। इसी दौरान अचानक उसमें आग भड़क उठी। आग की लपटें उठती देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक ई-रिक्शा की बैटरियों समेत अन्य सामान जल चुका था। आगजनी की इस घटना में ई-रिक्शा मालिक को हजारों रुपये का नुकसान होने की बात सामने आई है। समय रहते आग पर काबू पाए जाने से आसपास खड़े अन्य वाहनों और संपत्ति को नुकसान होने से बचा लिया गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

# किसानों ने गन्ना मूल्य 600 और कर्जमाफी मांगी

## – भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा ने दिया ज्ञापन, समाधान की मांग



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा ने शनिवार दोपहर करीब 2 बजे किसान, मजदूर, गरीब और जनहित से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम डीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शाह आलम के निर्देश पर राष्ट्रीय प्रवक्ता सोनू चौधरी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में सरकार से किसान-मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन में दिल्ली के साकेत थाने में मुस्लिम महिला पत्रकारों के साथ कथित अभद्र व्यवहार के मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई गई। संगठन ने मामले की उच्च अधिकारियों से जांच कराने की मांग की है। संगठन ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में किसान और मजदूर हितों के प्रतिकूल बताए जा रहे प्रावधानों को रदद करने की मांग भी रखी। इसके साथ ही पूरे देश में किसानों के लिए कानून को एक समान रूप से लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। संगठन का कहना है कि महंगाई के कारण गरीब, मजदूर और किसान आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं और सरकार को इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने चाहिए। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा ने गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 600 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग की। इसके अलावा किसानों और मजदूरों के कर्ज माफ करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई। संगठन ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स स्तर के अस्पताल का निर्माण कराने की मांग उठाई। वहीं देशभर में पेंशन बढ़ाकर 5 हजार रुपये प्रतिमाह करने की भी मांग की गई। किसानों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए किसान आयोग के गठन की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। संगठन का कहना है कि किसानों से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए एक प्रभावी व्यवस्था की जरूरत है। मुजफ्फरनगर के निजी अस्पतालों की जांच कराने की मांग भी शामिल रही। संगठन ने आरोप लगाया कि नियमों के विरुद्ध आवश्यक योग्यता से जुड़े मानकों का पालन किए बिना इलाज कराने वाले अस्पतालों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा ने राष्ट्रपति से ज्ञापन में शामिल सभी 10 मांगों पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्रवाई करने की अपील की है। संगठन ने कहा कि किसान, मजदूर, गरीब और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर वह आगे भी अपनी आवाज उठाता रहेगा।

# आशादीप मूक-बधिर एवं मन्द बुद्धि संस्थान के शिक्षक/शिक्षिकाओं का अभिनंदन/सम्मान समारोह आयोजित हुआ





मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। आशादीप मूक-बधिर एवं मन्द बुद्धि प्रशिक्षण संस्थान समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को इनर व्हील क्लब मुजफ्फरनगर ईरा द्वारा प्रशस्ति पत्र/उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा दिव्यांग बच्चों को फल वितरित किये गये। सर्वप्रथम माँ शारदा एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण/पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य ब्रजमोहन शर्मा द्वारा शिक्षक दिवस पर संक्षेप मे चर्चा की तथा इनरव्हील क्लब मुजफ्फरनगर ईरा द्वारा इस संस्थान को दिये जा रहे सहयोग/योगदान के लिए धन्यवाद दिया। क्लब की अध्यक्षा उषा राणा, सचिव संतोष भीम, आईपीपी उषा गर्ग, कोषाध्यक्ष अंजू गोयल, बबीता सिंघल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य ब्रजमोहन शर्मा तथा प्रभारी उप मंत्री एन के गुप्ता द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। संस्थान के अध्यक्ष इंजी.लोकेश चंद्रा ने समस्त स्टाफ को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी तथा सचिव आर के गोयल, उप मंत्री पीके गुप्ता तथा सदस्य कार्यकारणी रामबीर सिंह द्वारा समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रीना चौधरी, जीवनी बंसल, मीना सिंह, शारदा शर्मा, नीलम मित्तल, केलिस कल्याणी, सोनिया,सुमन, प्रतीक आदि का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के अंत में रामबीर सिंह द्वारा सभी उपस्थितजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम आकांक्षा कुमार (Akansha Kumar) से बदलकर आकांक्षा कुमार स्वरुप (Akansha Kumar Swarup) रख लिया है। भविष्य में मुझे आकांक्षा कुमार स्वरुप (Akansha Kumar Swarup) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

आकांक्षा कुमार स्वरुप
(Akansha Kumar Swarup)
पत्नी श्री कार्तिक स्वरुप
316, पटेल नगर, नई मंडी मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

आवश्यकता है
मार्केटिंग व ऑफिस कार्य हेतु 2 लड़कों की ।
(एकाउन्ट जानने वाले को वरीयता)
-:सम्पर्क करें:-
राजेश कुमार एण्ड कम्पनी
(भाटिया सीमेन्ट)
3-ए, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
M:.9927085503,9927583877

# जानसठ में समाधान दिवस आयोजित, 45 शिकायतें मिलीं, 17 का मौके पर निपटारा





जानसठ, 05 सितम्बर (बु.)। जानसठ तहसील के सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों की शिकायतें सुनी गईं और उनका समाधान किया गया। समाधान दिवस में बिजली, समाज कल्याण, राशन कार्ड, भूमि विवाद, नगर पालिका, नगर पंचायत, राजस्व, श्रम विभाग, पेंशन, सड़क और पुलिस प्रशासन से जुड़ी शिकायतें मिलीं। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिली शिकायतों को अधिकारी खुद मौके पर जाकर हल करें। अगर कोई शिकायत ऐसी है जिसका समाधान नहीं हो सकता, तो शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में मिली शिकायतों का एक हफ्ते के अंदर अच्छी क्वालिटी और संतोषजनक तरीके से समय पर निपटारा किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आईजीआरएस पर मिली शिकायतों को भी समय पर और सही तरीके से निपटाने के निर्देश दिए। कुल 45 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 17 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। बची हुई शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए निर्देश दिए गए कि वे पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से फीडबैक लें कि वह संतुष्ट है या नहीं। मौके की फोटो भी ली जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि अगर किसी सरकारी जमीन पर कब्जा है, तो उसे तुरंत हटाया जाए। इसमें कोई ढिलाई न बरती जाए। इस दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीएमओ डॉ. सुनील कुमार तेवतिया, एसडीएम जानसठ रश्मि लाम्बा, तहसीलदार मोनिका चौहान, नायब तहसीलदार अजय कुमार समेत कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

आखिरी मौका आखिरी मौका आखिरी मौका
फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों
किसी भी बोर्ड (U.P. Board, NIOS, CBSE Board) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी
NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।
दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।
किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी
वर्ष बचायें सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ वर्ष बचायें
के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें ।
COURSE OFFERED
B.A. B.Sc. B.Com. M.A.
M.Sc. M.Com. B.B.A. B.C.A.
M.B.A. M.C.A. B.Lib. M.Lib. PGDCA
अधिकृत अध्ययन केन्द्र
अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन
शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा, मुजफ्फरनगर
विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें
NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें
Phone No.: 0131-2615405, 2433717, M:. 9837640120, 9837108280
नोट : टीचर्स की आवश्यकता है ।

कॉलेज कोड-270002
भारत एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
2 किमी0 बरला-बसेड़ा रोड, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)-251307
डी0एल0एड0 प्रशिक्षण सत्र 2026 में मैनेजमेन्ट कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन ।
योग्यता:- सामान्य वर्ग/अन्य राज्य हेतु :-
शैक्षिक योग्यता-न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक
आयु सीमा- 1 जौलाई 2026 को अधिकतम आयु 35 वर्ष
नोट-उ0प्र0 के मूल निवासी हेतु आरक्षित वर्ग व विकलांग वर्ग को नियमानुसार छूट
● आवेदन करने तिथि दिनांक 06/09/2026 से 12/09/2026
● मैरिट लगने की तिथि दिनांक- 14/09/2026
प्रथम चरण (केवल उ0प्र0 के मूल निवासी हेतु)
● काउंसिलिंग की तिथि दिनांक - 15/09/2026
● प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक-17/09/2026
द्वितीय चरण (उ0प्र0 व अन्य राज्य के अभ्यर्थी हेतु)
● काउंसिलिंग की तिथि दिनांक - 19/09/2026
● प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक- 25/09/2026
प्रशिक्षण प्रारम्भ होने की तिथि दिनांक - 28/09/2026
सम्पर्क - 9917360366, 9012813638
वेबसाइट-www.beimzn.com ईमेल-beimzn@rediffmail.com

# शनिधाम में भजन संध्या में भजनों पर श्रद्धालुओं ने किया नृत्य के साथ प्रभु का गुणगान





मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। चरथावल मोड़ स्थित सिद्ध पीठ श्री शनिधाम परिसर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य आकर्षक रूप से सजाया गया। सुबह से ही भक्तों का आने-जाने का क्रम में पूजा पाठ का कार्य शुरू हो गया था। दिन में श्रद्धालुओं ने कान्हा जी का झूला झुलाकर उनका अभिनंदन किया। मंदिर में भोग प्रसाद महा आरती एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम सिद्ध पीठ वाले गुरु जी पंडित संजय मिश्रा, पंडित संतोष मिश्रा व शिवा मिश्रा ने संयुक्त रूप से संपन्न कराया। संध्या समय भजन संध्या प्रस्तुत की गई, जिसमें स्थानीय और बाहर से आए कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्णा माता राधा रानी एवं शनि देव पर आधारित एक से एक सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। श्रद्धालुओं की भीड़ भारी वर्षा के बाद भी देर रात तक शनि धाम परिसर में जमी रही।

इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में फिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी राकेश कुमार ने अपने सहयोगी सुमित संभाली। आरती व भजनों के प्रसारण में नीटू भारद्वाज, स्व. प्रबुद्ध भारद्वाज के बेटे प्रसिद्ध भारद्वाज आदि ने अपना सहयोग देकर उल्लेखनीय योगदान दिया। इस अवसर पर आकांक्षा अग्रवाल, आरोही अग्रवाल, शुभ गर्ग, अनु गर्ग आदि सेवकों ने भी अपना योगदान दिया। एक शाम कान्हा के नाम इस भजन संध्या के आयोजन में प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी व नगर के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे और सभी ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का हृदय से स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया।

# 8 दिन से लापता युवक का सुराग नहीं

## - गुहार लेकर ग्रामीणों संग एसएसपी कार्यालय पहुंचा पीड़ित परिवार, मोबाइल भी बंद



मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। खतौली थाना क्षेत्र के गांव भैंसी निवासी 21 वर्षीय युवक अतुल पुत्र संतर पाल पिछले आठ दिनों से लापता है। काफी तलाश के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं लगने पर शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे पीड़ित परिवार के सदस्य और ग्रामीण एसएसपी संजय कुमार वर्मा से मिले। उन्होंने शिकायती पत्र सौंपकर युवक की जल्द तलाश और बरामदगी की मांग की। शिकायती-पत्र में कपिल ने बताया कि उनका भाई अतुल गांव भैंसी में सुशील के यहां लकड़ी का काम करता था। 29 अगस्त 2026 को दोपहर करीब एक बजे अतुल खाना खाने के लिए घर जाने की बात कहकर वहां से निकला था, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों के अनुसार, अतुल के पास उस समय मोबाइल फोन भी था, जो उसके लापता होने के बाद से बंद आ रहा है। परिवार और ग्रामीणों ने अपने स्तर से कई स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी। युवक के लगातार आठ दिनों से लापता रहने के कारण परिवार की चिंता बढ़ती जा रही है। शनिवार को परिजन ग्रामीणों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और मामले में प्रभावी कार्रवाई की मांग की। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने परिवार को आश्वासन दिया कि मामले में ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने युवक की जल्द तलाश कराने का भरोसा देते हुए परिवार और ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

INDRAPRASTHA PUBLIC SCHOOL
Morna (Muzaffarnagar)
An English Medium Convent School (Affiliated to C.B.S.E., New Delhi)
REQUIRES
PGTs: Mathematics, Economics, Biology
PRT Teachers, Mother Teacher
The candidates should be well qualified & experienced. Free conveyance from Muzaffarnagar. Send your resume through the given Whatsapp numbers.
Contact: 7457015667, 9897727554
ipsmorna1999@rediffmail.com

# संगत होटल के पास आमने-सामने भिड़ी दो बाइक, युवक की मौत; साथी गंभीर




**बुढ़ाना, 5 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव मेरठ करनाल हाईवे बिटावदा में संगत होटल के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार गांव नगवा निवासी दीपक पुत्र चंद्रकिरण अपने साथी गुड्डू पुत्र महेंद्र के साथ बाइक पर बुढ़ाना जन्मदिन का केक लेने जा रहा था। बताया गया कि जैसे ही दोनों संगत होटल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद दीपक को मृत घोषित कर दिया, जबकि गुड्डू की हालत गंभीर होने के चलते उसका उपचार शुरू किया गया। दीपक की मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल में दीपक के भाई का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों का विलाप देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। बायवाला इंचार्ज रणवीर ने बताया कि संगत होटल के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हुई थी। हादसे में दीपक की मौत हो गई, जबकि गुड्डू गंभीर रूप से घायल है। उन्होंने बताया कि दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। अभी पुलिस को तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विवादित भूमि पर कब्जे को लेकर आमने-सामने आए दो पक्ष, 18 गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** थाना तितावी क्षेत्र के गांव मुकंदपुर में विवादित भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के 18 लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। मौके से 1 ट्रैक्टर, 1 कार और 5 बाइक समेत 7 वाहनों को कब्जे में लेकर

**पुलिस ने सात वाहन किए सीज, शांतिभंग की आशंका में किया चालान**



सीज कर दिया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को मुचलका पाबंद भी किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, मुकंदपुर गांव में विवादित भूमि को लेकर दोनों पक्ष अपने-अपने लोगों के साथ मौके पर पहुंच गए थे। एक पक्ष द्वारा भूमि पर कब्जे का प्रयास किए जाने पर दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने की सूचना मिलते ही थाना तितावी प्रभारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। बताया गया है कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद दोनों पक्षों के लोग आपस में मारपीट पर उतारू हो गए। स्थिति बिगड़ती देख थाने से अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के योगेंद्र सिंह, सूरज, बिट्टू, मंजीत, अर्जुन, भगत, दीपक, आदित्य, नमन, हर्षित, अमन, आयुष, वंश, ऋतिक, गगन व रणवीर तथा दूसरे पक्ष के उदयवीर और धर्मवीर को हिरासत में ले



लिया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए लोगों में कुछ मुकंदपुर, कुछ लुहारी, भाजू, मोदीपुरम, दोघट और चूनसा क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने मौके से 1 ट्रैक्टर, 1 कार और 5 बाइक कब्जे में लेकर सीज कर दी हैं। पूरा मामला विवादित भूमि का से जुड़ा है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के 18 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है। सभी को मुचलका पाबंद भी किया जाएगा।

# बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में एक ही रात में 13 ट्यूबवैलों से लाखों का सामान चोरी

**बुढ़ाना, 5 सितम्बर (बु.)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहडब्बर के जंगल में ट्यूबवैल चोर गिरोह ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात चोरों ने एक ही रात में 13 किसानों के ट्यूबवैलों के ताले तोड़कर स्टार्टर, मोटर, बिजली केबिल, कटआउट समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना से किसानों में दहशत और आक्रोश है। शनिवार की रात चोरों ने गांव के जंगल में स्थित खेतों में लगे ट्यूबवैलों को निशाना बनाया। पीड़ित किसानों में गौरव राठी पुत्र धर्मेंद्र, सतपाल पुत्र रघुवीर, सोमपाल पुत्र ओमप्रकाश, सुरेशपाल पुत्र मिट्ठन, जयदेव पुत्र बलवीर, जगपाल राठी पुत्र हरेंद्र, सुक्रमपाल पुत्र रायचंद, राजवीर पुत्र मांगेराम, प्रीतम पुत्र बारू सिंह, लाला पुत्र ओमप्रकाश, भूपेंद्र पुत्र सत्यपाल, रामवीर पुत्र मंशाराम और जय कुमार पुत्र तिलकराम हैं। किसानों ने बताया कि चोरी की वजह से उनकी फसलों की सिंचाई पूरी तरह ठप्प हो गई है और उन्हें डेढ़ लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान रविवार को बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी इस तरह की चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई गिरोह पकड़ा नहीं गया। उन्होंने सीओ बुढ़ाना से रात में पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरी गया सामान बरामद कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# दूधाहेड़ी में जमीन के बंटवारे को लेकर पिता-पुत्र में संघर्ष

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** जमीन के बंटवारे को लेकर थाना मन्सूरपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव दूधाहेड़ी में पिता और पुत्र के बीच का विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस मामले में अब पिता और पुत्र दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

गांव दूधाहेड़ी के रहने वाले गौरव शर्मा ने मन्सूरपुर थाने की पुलिस को एक लिखित तहरीर दी है। गौरव शर्मा ने अपनी तहरीर में पुलिस को बताया कि उनके पिता का नाम ईश्वर सिंह है। ईश्वर सिंह के कुल तीन बेटे हैं। गौरव शर्मा का आरोप है कि उनके पिता ईश्वर सिंह ने उनके सबसे बड़े भाई राजीव शर्मा को उनके हिस्से की खेती की जमीन खेती-बाड़ी करने और अपना गुजारा चलाने के लिए दे रखी है। गौरव शर्मा के अनुसार, जब उन्होंने भी अपने हिस्से की जमीन अपने पिता ईश्वर सिंह से मांगी, तो पिता ने उन्हें जमीन देने से मना कर दिया। गौरव शर्मा ने बताया कि उनके पिता ने उनसे कहा कि पहले उनके मंझले भाई राहुल शर्मा की शादी हो जाने दी जाए, उसके बाद ही गौरव को उनके हिस्से की जमीन दी जाएगी। गौरव शर्मा का कहना है कि उन्होंने अपने पिता की इस बात का विरोध किया। उन्होंने अपने पिता से कहा कि जब बड़े भाई राजीव शर्मा को जमीन दी जा चुकी है, तो उन्हें भी उनके हिस्से की जमीन तुरंत मिलनी चाहिए। गौरव शर्मा के अनुसार, इसी बात को लेकर घर में विवाद शुरू हो गया। गौरव शर्मा ने आरोप लगाया है कि इस विवाद के दौरान उनके पिता ईश्वर सिंह, उनके भाई राजीव शर्मा, उनके दूसरे भाई राहुल शर्मा और सोहनवीर शर्मा के बेटे प्रदीप शर्मा ने मिलकर उनके साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट की। गौरव शर्मा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आगे बताया कि जब आरोपियों द्वारा उनके साथ मारपीट की जा रही थी, तो उनकी चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी रानी उन्हें बचाने के लिए मौके पर पहुंचीं। लेकिन आरोपियों ने उनकी पत्नी रानी को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की। गौरव शर्मा और उनकी पत्नी रानी का शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने के बाद ही मामला शांत हो सका। गौरव शर्मा का आरोप है कि मौके से जाते समय आरोपियों ने उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने दोबारा कभी अपने हिस्से की जमीन मांगी, तो वे उन्हें जान से मार देंगे। दूसरी तरफ गौरव शर्मा के पिता ईश्वर सिंह ने भी मन्सूरपुर थाने की पुलिस को लिखित तहरीर दी है। ईश्वर सिंह ने अपनी तहरीर में अपने ही छोटे बेटे गौरव शर्मा और अपनी बहू रानी पर मारपीट करने तथा गाली-गलौज करने के बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। ईश्वर सिंह का आरोप है कि गौरव शर्मा और रानी उन पर लगातार यह दबाव बना रहे हैं कि वे खेती की जमीन गौरव के नाम कर दें। ईश्वर सिंह ने तहरीर में बताया कि जमीन अपने नाम न करने पर उनका बेटा गौरव और बहू रानी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीरों से यह साफ हो गया है कि परिवार के भीतर जमीन के बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। थाना मन्सूरपुर पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली लिखित शिकायतों के आधार पर मुकदमे दर्ज कर लिए हैं।

# घास लेने गई युवती से छेड़छाड़ और मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव जफरपुर में पशुओं के लिए जंगल में चारा लेने गई एक 19 वर्षीय युवती के साथ छेड़छाड़ और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार तितावी क्षेत्र के गांव जफरपुर की रहने वाली 19 साल की एक युवती अपने घर के पशुओं के लिए जंगल में घास और चारा लेने गई हुई थी। आरोप है कि जब वह खेत में चारा काट रही थी, तभी गांव का ही रहने वाला सुभाष पुत्र रामस्वरूप उसका पीछा करते हुए जंगल में पहुंच गया। खेत में युवती को अकेली पाकर सुभाष ने उसके साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब युवती ने आरोपी की इस हरकत का कड़ा विरोध किया, तो सुभाष ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसका हाथ जोर से पकड़ लिया और खींचकर उसे जमीन पर गिरा दिया। जब आरोपी सुभाष जबरदस्ती करते हुए मारपीट कर रहा था, तब पीड़िता ने हिम्मत दिखाकर खुद को बचाने के लिए जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। युवती की चिल्लाने की आवाज सुनकर पास के ही खेतों में घास काट रही दो महिलाएं, मुनीता और सीमा, तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंचीं। मुनीता और सीमा ने तुरंत बीच-बचाव किया और युवती को आरोपी के चंगुल से बचाया। दोनों महिलाओं के मौके पर पहुंचने के बाद पीड़िता किसी तरह आरोपी से बचकर सुरक्षित अपने घर की तरफ निकल सकी। पीड़िता ने अपने चाचा और परिवार के अन्य सदस्यों को पूरी आपबीती सुनाई। युवती का भाई और उसके चाचा आरोपी सुभाष के पास गए और उससे इस हरकत के बारे में पूछताछ की। आरोप है कि पूछताछ करने पर आरोपी अपनी गलती मानने के बजाय उल्टा उसके भाई और चाचा के साथ गाली-गलौज की और उनके साथ भी मारपीट करने पर आमादा हो गया।

# पीएम मोदी बोले- मैंने लाल किले से होम्योपैथी की गोली दी, सारे दिमागी नक्सल बौखलाने लगे

## मेट्रो से सफर कर श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स पहुंचे, युवाओं को किया संबोधित

**नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने कहा कि आपकी लैंग्वेज में कहूं तो इस कॉलेज के पूर्व छात्र ओजी (ओरिजनल गैंग्स्टर) हैं। वे धुरंधर भले न हों, पर दुनियाभर में धूम तो मचाई है। पीएम ने दिमागी नक्सल और होम्योपैथी की गोली का जिक्र करते हुए कहा कि किया। वे बोले- मैंने उस दिन 'दिमागी नक्सल' कहकर होम्योपैथी की ऐसी गोली दी, जिससे सारे विरोधी बौखलाने लगे। पीएम ने 2013 की श्रीराम कॉलेज की उस यात्रा को याद किया, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। वे बोले कि तब मैंने कहा था कि आलोचकों को गिलास आधा खाली ही दिखता है। उन्होंने कहा कि यहां के पूर्व छात्र को जेन-जी लैंग्वेज में कहा जाए तो ओजी यानी पुराने खिलाड़ी हैं। वे भले धुरंधर न हों, लेकिन उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी धूम मचाई। उन्होंने कहा कि 2013 में बैंकिंग सिस्टम तबाह कर दिया गया था। 2008 में मुंबई में आतंकी हमला हुआ, लेकिन सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। हमारी सरकार में कोविड, रूस-यूक्रेन वॉर, ईरान वॉर जैसे संकट आए। हम सबसे उबर गए। कुछ लोगों के लगा कि अब मोदी को कुचल देंगे। मेरे देश के लोगों की जुबान में इतना दम है कि बुरा चाहने वालों की हसरत दबी रह जाती है। हर बात पर इसकी क्या जरूरत है कहने वाले लोग नाराज फूफा हैं। इनका एक ही डायलॉग होता है, इसकी क्या जरूरत है। इन लोगों ने बुलेट ट्रेन, यूपीआई और नई संसद जैसे कामों पर भी सवाल उठाया। आज हमारा नौजवान साथी कहता है कि स्टार्टअप बनाऊंगा। यूनिकॉर्न खड़ा करूंगा। स्पेस से जुड़ा स्टार्टअप करूंगा। 2013 से पहले आपके



15 अगस्त को मैंने दिमागी नक्सल कहकर ऐसी होम्योपैथी की गोली दी। होम्योपैथी का इलाज बीमारी को कुछ समय के लिए और उभार देता है। जैसे ही मैंने ये गोली दी, सारे दिमागी नक्सल बाहर आने लगे। जनता उनका असली रंग देख रही है। प्रधानमंत्री शनिवार शाम मेट्रो से सफर कर श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स पहुंचे। उन्होंने कॉलेज के 100वें स्थापना दिवस पर जेन-जी छात्रों के बीच 48 मिनट स्पीच दी। मोदी ने यहां अपनी लाल किले पर दी गई 15 अगस्त की स्पीच का जिक्र भी सीनियर ऐसे सपने नहीं देखते थे। हम गर्व से कहते हैं कि भारतीय दुनिया की टॉप कंपनियों को लीड कर रहे हैं तो वो कंपनियां भारतीय क्यों नहीं हैं। पीएम ने युवाओं से कहा कि नाव हमारी हो, नाविक भी हमारा हो। लहरों पर विजय लिखे, वो हौसला हमारा हो। उड़ान हमारी हो, हवाओं से टकराए वो जज्बा हमारा हो। सपना हमारा हो, संकल्प हमारा हो। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प हमारा हो। विकसित भारत की राह में उठता हर कदम हमारा हो।

# प्रशिक्षण केन्द्र पर वन्दे मातरम को लेकर हंगामा

**भोपा, 05 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव मोरना के ब्लॉक परिसर में स्थित प्रशिक्षण संस्थान में पशुपालन प्रशिक्षण के अंतिम दिन जमकर हंगामा हो गया, जहां मुजफ्फरनगर के खालापार थानाक्षेत्र निवासी एक युवक ने अपने ही बैच के तीन युवकों पर जबरदस्ती वंदे मातरम बुलवाने और विरोध करने पर गला पकड़कर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने भोपा थाने पर पहुंचकर तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। मुजफ्फरनगर के खालापार थानाक्षेत्र निवासी मौ. शाबाद ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि वह मोरना ब्लॉक परिसर में स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र पर पशुपालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। पीड़ित के अनुसार शनिवार को 12 दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण का अंतिम दिन था। पीड़ित ने बताया कि दोपहर के समय टीचर के क्लास से बाहर जाते ही उसके बैच के ही तीन अन्य छात्रों ने उसे पकड़ लिया और वंदे मातरम बोलने के लिए दबाव बनाने लगे। शाबाद का आरोप है कि जब उसने कहा कि मैं अपनी मर्जी से वंदे मातरम बोलूंगा और इसके लिए तुम्हारे दबाव में नहीं आऊंगा, तो तीनों आरोपियों ने उसका गला पकड़कर नीचे दबा लिया। पीड़ित के अनुसार संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरों के डर से आरोपियों ने उसे छोड़ दिया और धमकी दी कि हमारी पहुंच बड़े नेताओं तक है तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जिसके बाद प्रशिक्षण समाप्त होने पर पीड़ित सीधे थाना भोपा पहुंचा और तहरीर देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई। संस्थान में इस घटना के बाद अन्य प्रशिक्षुओं में भी दहशत का माहौल है। इससे पूर्व भी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान चर्चाओं का केंद्र रह चुका है। प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं को खाना उपलब्ध कराने वाली एक महिला रसोइया ने प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक सहित कुछ अन्य स्टाफ के कर्मचारियों पर कई तरह से उसका उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए सीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई थी।

# पुराने दिनों की आई याद तो शिक्षकों से लिया आशीर्वाद

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** आज 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर जब बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व अपने सहपाठी विपिन जैन के साथ प्रेमपुरी जैन औषधालय के निकट स्थित अपने शिक्षक राकेश दीक्षित जी के निवास पर पहुंचे और उनसे व उनकी पत्नी सुषमा दीक्षित से आशीर्वाद प्राप्त किया। पुराने दिनों की याद ताजा करते हुए बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने बताया कि अभाव के दिनों में भी गुरूओं का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कभी एक-दूसरे से किताब लेकर तो कभी किसी की साइकिल मांगकर स्कूल में ट्यूशन तक पहुंचना बस इसी संघर्ष की कहानी ने यहां तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने अपने गुरू राकेश दीक्षित जी को बताया कि एक आज एक वीडियो देखी जिसमें युवा पीढ़ी यह कहती हुई दिखाई दी कि कल तक हम टीचरों की मुट्ठी में थे आज टीचर हमारी मुट्ठी में हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि जो छात्र-छात्राएं टीचरों को अपनी मुट्ठी में होने की बात कर रहे हैं वे जीवन में कोई तरक्की नहीं करेंगे। जो टीचरों की मुट्ठी में रहे हैं, वही कुछ बन पाए हैं। अपना आशीर्वाद देते हुए अध्यापक राकेश दीक्षित ने बताया कि बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ जब उनके यहां पढ़ने आते थे तो किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका हमें नहीं दिया गया और आज भी उनके लिए दिल से दुआएं और आशीर्वाद निकल रहा है कि उन्होंने शिक्षक दिवस के अवसर पर आशीर्वाद लेने के लिए उन्हें चुना। शिक्षक राकेश दीक्षित व उनकी पत्नी दोनों ने विपिन जैन व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ दोनों को आशीर्वाद दिया और निकट भविष्य में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# घर के बाहर खड़ी थी महिला, मेहरबान ने की बदतमीजी

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** थाना नई मंडी क्षेत्र के फूलनगर कूकड़ा इलाके की रहने वाली एक महिला ने एक युवक पर लगातार पीछा करने और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी युवक पिछले तीन महीने से लगातार उसका पीछा कर रहा था और उसे परेशान कर रहा था। आरोपी रात के समय महिला के घर के बाहर पहुंच गया और वहां उसके साथ अभद्र हरकत की। फूलनगर कूकड़ा की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में पूरी आपबीती बताई है। महिला के अनुसार, अहमदनगर कुकड़ा का रहने वाला मेहरबान नाम का युवक पिछले करीब तीन महीने से लगातार उसका पीछा कर रहा था। पीड़िता ने बताया कि वह जब भी घर से बाहर निकलती थी, आरोपी मेहरबान उसे रास्ते में कहीं न कहीं मिल जाता था। आरोपी जब भी महिला के सामने आता था, तो वह अपना मोबाइल फोन उसकी तरफ कर फोन करने का इशारा करता था। महिला के बार-बार अनदेखा करने के बाद भी आरोपी ने अपनी इस हरकत को बंद नहीं किया और लगातार उसका पीछा करता रहा। 3 सितंबर की रात करीब 10 बजे महिला अपने घर के दरवाजे पर खड़ी होकर अपने छोटे बच्चे को खिला रही तभी अहमदनगर कूकड़ा निवासी आरोपी मेहरबान वहां और उसका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी ने एक कागज का टुकड़ा महिला को देने की कोशिश की, जिस पर उसका मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। उसने आरोपी से वह कागज का टुकड़ा नहीं लिया और उसे वहीं जमीन पर फेंक दिया। इस पर मेहरबान ने उसके साथ बेहद अभद्र व्यवहार किया। आरोपी ने महिला के साथ बदतमीजी करते हुए उसकी कमर पर हाथ मार दिया और धमकी देते हुए मौके से भाग गया। पीड़िता ने थाना नई मंडी पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत पत्र सौंपा। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी मेहरबान द्वारा लगातार पीछा किए जाने और घर के बाहर आकर इस तरह की गंदी हरकत करने से वह बहुत परेशान है। उसने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की ताकि भविष्य में वह ऐसी हरकत दोबारा न कर सके। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना नई मंडी पुलिस ने आरोपी मेहरबान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अडानी की कंपनी सप्लाई करेगी एके 203 की गोलियां

**नई दिल्ली, 5 सितंबर (एजेंसी)।** भारतीय सेना अब मेड-इन-इंडिया गोलियां ही इस्तेमाल करेगी। अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और इंडो-रशियन राइफल्स ने आज शनिवार को 5 साल के लिए एक डील की है। इसके तहत अडाणी डिफेंस भारतीय सेना की एके-203 असॉल्ट राइफलों के लिए 7.62 साइज की गोलियां बनाकर सप्लाई करेगी। इस समझौते का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि सेना को गोलियों के लिए अब किसी दूसरे देश पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और भारत में ही लगातार कारतूस मिलते रहेंगे। आईआरआरपीएल भारत और रूस की सरकार द्वारा मिलकर 2019 में बनाई गई एक कंपनी है। इसका काम भारतीय सेना के लिए आधुनिक एके-203 राइफलें बनाना है। इस कंपनी का कारखाना उत्तर प्रदेश के अमेठी (कोरवा) में है।

# सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में मस्जिद ध्वस्त

**सहारनपुर, 5 सितंबर (एजेंसी)।** मजिस्ट्रेट के आदेश पर कलेक्ट्रेट परिसर में 70 साल पुरानी मस्जिद पूरी तरह से ढहा दी गई। शनिवार तड़के 4 बजे से 6 बुलडोजर चलने शुरू हुए। शाम करीब 4 बजे मस्जिद गिरा दी गई। एहतियात के तौर पर 5 कंपनी पीएसी, आरएएफ और पुलिस के 200 जवान तैनात किया गया। देर शाम तक मलबा हटाने का काम चल रहा है। प्रशासन के मुताबिक, मलबा पूरी तरह हटाने में तीन से चार घंटे लग सकते हैं। कोर्ट ने मस्जिद को अवैध बताया था। इससे पहले, शुक्रवार रात 11 बजे अफवाह फैली कि प्रशासन मस्जिद को तोड़ने जा रहा है। इसके बाद भारी भीड़ जुट गई थी। तुरंत ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। लोगों को हटाया। कार्रवाई के खिलाफ सहारनपुर आ रहीं कैराना सांसद इकरा हसन को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने लखनऊ में कहा कि सच्चा हिंदू कभी दूसरे धर्म का अपमान नहीं कर सकता। ये इसलिए हो रहा है, क्योंकि भगवान राम के मंदिर में चोरी करते हुए पकड़े गए हैं। मस्जिद 3300 स्क्वायर फीट में बनी हुई थी। दो मंजिला मस्जिद में 2 बड़े हॉल समेत 5 कमरे थे। ग्राउंड फ्लोर पर एक बड़ा हॉल और दो कमरे थे। पहली मंजिल पर हॉल के साथ एक बड़ा कमरा था। कमरे में डाकघर चलता था। 10 फरवरी 2025 को बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने मस्जिद को अवैध बताते हुए डीएम से शिकायत की थी। मस्जिद परिसर के कमरों और डाकघर से किराया वसूले जाने का आरोप लगाया गया। इसके बाद डीएम ने मजिस्ट्रेट को जांच के आदेश दिए। जांच में मस्जिद अवैध पाई गई। 24 मार्च, 2025 को प्रशासन ने नगर मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका दायर की। 16 जुलाई, 2026 को कोर्ट ने मस्जिद को अवैध माना और उसे हटाने के साथ 6.41 करोड़ रुपए की हजार्ना वसूलने का आदेश दिया। कब्जेदारों को 30 दिन का समय दिया। 20 जुलाई को मस्जिद पक्ष ने मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ जिला कोर्ट में याचिका दाखिल की। 24 जुलाई को जिला कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के फैसले पर स्टे देते हुए सुनवाई आगे बढ़ाई। 2 सितंबर को जिला जज सतेंद्र कुमार की कोर्ट ने सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश को बरकरार रखते हुए मस्जिद पक्ष की याचिका खारिज कर दी।



**सरकारी वकील बोले- अवैध मस्जिद, राजस्व रिकॉर्ड में सरकार का नाम**

सरकारी वकील अवनीश कुमार ने कहा- कलेक्ट्रेट परिसर की मस्जिद को लेकर जो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई है, उस पर दूसरे पक्ष की आपत्ति स्वाभाविक है। जिस पक्ष के खिलाफ आदेश होता है, उसका यही कहना होता है कि तथ्यों का ध्यान नहीं रखा गया या उसकी बात नहीं सुनी गई। इसमें कोई अलग बात नहीं है। मेरी जानकारी और अदालत में रखे गए रिकॉर्ड के मुताबिक मस्जिद सरकारी संपत्ति पर अवैध रूप से बनी थी। हमारे पास कई राजस्व अभिलेख हैं। सभी अभिलेखों में संपत्ति सरकार/कलेक्ट्रेट कचहरी के नाम दर्ज है। इसलिए ऐसा कोई रिकॉर्ड सामने नहीं आया, जिससे यह साबित हो कि मस्जिद उस जमीन पर वैध रूप से स्थापित थी।

# इकरा हसन हाउस अरेस्ट

**कैराना, 5 सितंबर (बु.)।** जन्माष्टमी पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सहारनपुर जाने की तैयारी कर रही कैराना की सांसद इकरा हसन को उनके आवास से बाहर जाने से रोक दिया गया। सांसद इकरा हसन को घर से बाहर जाने से रोके जाने के दौरान उनकी पुलिस अधिकारियों से तीखी बातचीत हुई। इस दौरान सांसद ने कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार से स्पष्ट शब्दों में पूछा कि आखिर उन्हें किस आदेश के तहत रोका जा रहा है और उनका ऐसा कौन सा अपराध है, जिसके कारण उन्हें अपने आवास से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही। मामले के दौरान सांसद और पुलिस अधिकारियों के बीच हुई बातचीत में सांसद लगातार उन्हें रोके जाने का कारण पूछती रहीं। सांसद ने पुलिस से कहा कि यदि उन्हें रोकने के लिए कोई प्रशासनिक अथवा लिखित आदेश है तो उसे उनके सामने प्रस्तुत किया जाए। कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार ने सांसद इकरा हसन से कहा कि वह फिलहाल अपने आवास पर ही रुक जाएं।

# सपा का प्रतिनिधिमंडल आज जाएगा सहारनपुर

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** सहारनपुर के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित 119 साल पुरानी मस्जिद को गिराए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को लेकर समाजवादी पार्टी ने सहारनपुर का दौरा करने और पूरे प्रकरण की जानकारी जुटाने के लिए 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया है। सपा के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, सहारनपुर जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, मुजफ्फरनगर सांसद हरेंद्र मलिक, सांसद इकरा हसन, सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसेन, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, विधायक अतुल प्रधान, विधायक आशु मलिक, विधायक उमर अली, विधायक रामऔतार सैनी, एमएलसी किरन पाल कश्यप, पूर्व विधायक माविया अली, समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मांगेराम कश्यप और मुजफ्फरनगर सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल सहारनपुर पहुंचकर मंडलायुक्त से मुलाकात करेगा और मस्जिद से जुड़े पूरे घटनाक्रम की जानकारी हासिल करेगा। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल अपनी रिपोर्ट पार्टी के प्रदेश कार्यालय को सौंपेगा।

# घर में थी अकेली युवती, रात के अंधेरे में घर की छत पर कूदे तीन युवक, शोर मचाने पर भागे

**मुजफ्फरनगर, 5 सितंबर (बु.)।** थाना चरथावल क्षेत्र के ग्राम कसियारा में रात के अंधेरे में तीन अज्ञात युवक अचानक एक घर की छत पर कूद पड़े। घर के अंदर केवल मकान मालिक की भांजी ने हल्ला मचाया तो तीनों युवक घबरा गए और घर की छत से नीचे कूदकर मौके से फरार हो गए। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया ह। ग्राम कसियारा निवासी महिपाल ने थाना चरथावल पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। महिपाल ने पुलिस को बताया कि घटना वाली रात उसकी पत्नी बनारस गई हुई थी, जबकि वह स्वयं एक भंडारे में शामिल होने के लिए गाजियाबाद गया हुआ था। उस समय घर पर कोई और बड़ा सदस्य मौजूद नहीं था। घर की देखरेख के लिए महिपाल की भांजी, जो मूल रूप से ग्राम दाबकी गुर्जर, जिला सहारनपुर की रहने वाली है, उसके घर पर अकेली रह रही थी। रात के समय दो से तीन अज्ञात युवक चुपचाप उसके घर पर आ धमके थे। घर की छत पर हुई इसी आहट के कारण घर में अकेली सो रही भांजी की नींद अचानक खुल गई। भांजी ने हिम्मत जुटाकर आवाज लगाते हुए पूछा कि वहां कौन है। युवक डरकर घर की छत से कूदकर भाग निकले। हालांकि भागने से पहले मोबाइल की रोशनी में भांजी ने उन सभी युवकों के चेहरों को अच्छी तरह देख लिया। आरोपियों की पहचान नीरज पुत्र सुशील, मनिक पुत्र जनेश्वर और अजय पुत्र भोपाल के रूप में हुई, जो सभी ग्राम कसियारा के ही निवासी हैं। महिपाल का यह भी कहना है कि जब वह इन युवकों के घर पहुँचा और उनके परिजनों को इस पूरी घटना के बारे में जानकारी दी, तो आरोप है कि उन तीनों युवकों ने उल्टा उसे ही जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित महिपाल ने थाना चरथावल पर लिखित तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

# जिले के 10 डॉक्टरों की बर्खास्तगी की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, 6 सितम्बर (बु.)।** जनपद के सरकारी अस्पतालों में तैनात होकर सालों से ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे डॉक्टरों के खिलाफ शासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। मुजफ्फरनगर के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) से बिना लिखित अनुमति अनधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे 10 चिकित्साधिकारियों के खिलाफ बर्खास्तगी जैसी कठोर दंडात्मक कार्रवाई की आशंका गहरा गई है। हाल ही में शासन द्वारा जनपद में पूर्व में तैनात रहे एक चिकित्सक की बर्खास्तगी की गाज गिराए जाने के बाद से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। चिकित्सकों के लंबे समय से ड्यूटी से नदारद रहने के कारण जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं और मरीजों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है। मुजफ्फरनगर जिले में प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अंतर्गत स्वीकृत पदों के सापेक्ष आधे चिकित्सक भी कार्यरत नहीं हैं। भारी कमी के बावजूद शासन द्वारा समय-समय पर नई नियुक्तियां की जाती हैं। अमूमन कई डॉक्टर उच्च शिक्षा (पीजी) की पढ़ाई या निजी कारणों से नियमानुसार लिखित अनुमति लेकर अवकाश पर जाते हैं। हालांकि, बड़ी संख्या ऐसे डॉक्टरों की भी है जो बिना किसी सूचना या स्वीकृति के वर्षों से अपनी तैनाती स्थल से नदारद हैं और निजी प्रैक्टिस या अन्य कार्यों में व्यस्त हैं।

**2018 से लेकर 2023 से लगातार गैरहाजिर चल रहे चिकित्सक:**

1. डॉ. परिधिः सीएचसी खतौली (01 मई 2018 से गैरहाजिर), 2. डॉ. कुनाल कुमारः पीएचसी छपार (21 मई 2018 से गैरहाजिर), 3. डॉ. अवनीः सीएचसी शाहपुर (21 मई 2019 से गैरहाजिर), 4. डॉ. निधि तोमरः सीएचसी जानसठ (15 अप्रैल 2020 से गैरहाजिर) 5. डॉ. सुचित्रा सिंहः सीएचसी जानसठ (01 अप्रैल 2021 से गैरहाजिर), 6. डॉ. श्रुति आर्यः सीएचसी सिसौली (28 जनवरी 2022 से गैरहाजिर), 7. डॉ. वैशाली भारद्वाजः सीएचसी बुढाना (03 मार्च 2022 से गैरहाजिर), 8. डॉ. शशांकः सीएचसी जानसठ (21 मई 2022 से गैरहाजिर), 9. डॉ. विशाल कांधवेः सीएचसी जानसठ (07 फरवरी 2023 से गैरहाजिर), 10. डॉ. समीर आनंदः पीएचसी बसेड़ा (अनधिकृत रूप से अनुपस्थित) मुख्य चिकित्साधिकारी, मुजफ्फरनगर का कहना है कि जनपद में तैनात रहे कई चिकित्साधिकारी अनधिकृत रूप से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे हैं। शासन की ओर से ऐसे सभी चिकित्सकों का ब्यौरा मांगा गया है। अनधिकृत रूप से नदारद चल रहे डॉक्टरों की पूरी रिपोर्ट तैयार कर शासन को उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके आधार पर आगे की दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर 3 साल तक दुष्कर्म का आरोप, प्रेमी के घर पहुंची नाबालिग युवती ने किया हंगामा





**मुजफ्फरनगर, 5 सितम्बर (बु.)।** बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग युवती ने युवक पर करीब तीन साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि युवक लंबे समय से उसे शादी का भरोसा देता रहा, लेकिन अब शादी से इनकार कर रहा है। बताया गया कि मामले से नाराज नाबालिग युवती अपने कथित प्रेमी के घर पहुंच गई और वहां हंगामा किया। युवती ने युवक के परिजनों पर उसके साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। घटना के बाद युवती ने डायल-112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। बताया गया कि मारपीट के बाद युवती का कथित प्रेमी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने युवती की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी। बायवाला चौकी प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़की की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# कंगना रनौत ने कराया अधिकारियों को फटकार लगाकार जिम्मेदारियों का एहसास, बोली- तुम लोगों की वजह से लोग मुझे निठल्ला कह रहे हैं

**मंडी, 5 सितंबर (एजेंसी)।** हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने शनिवार को अधिकारियों को जमकर फटकारा। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद निधि का इस्तेमाल नहीं होने पर कंगना ने कहा- यह एक मजाक बनकर रह गया है। उन्होंने बैठक में सभी बीडीओ को खड़ा कर कहा कि मैं नेशनल मीडिया में इस बारे में कुछ बोल नहीं पा रही हूं। लोग रील बना रहे हैं। मुझे निठल्ला कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद का काम फंड देना है, उसे खर्च करने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। अधिकारी केवल खानापूर्ति के लिए बैठकों में न आएं, बल्कि पिछली बैठकों में लिए गए फैसलों पर भी काम करें। कंगना ने कहा- पूरे देश की नजर मंडी पार्लियामेंट की परफॉर्मेंस पर है। हमें इतनी मीडिया रिपोर्ट आती हैं। ये सारे डिपार्टमेंट में जो घोटाला चलता है, एक के बाद एक, यह स्वीकार्य नहीं है। पूरे देश में हम मजाक बनकर रह गए हैं। बीडीओ कौन-कौन है? सभी खड़े हो जाएं। जो भी एमपी लैड की पुअर परफॉर्मेंस के लिए जिम्मेदार है, सभी खड़े हो। कंगना ने कहा- सारे देश में ये खबर चल रही है कि कंगना ने 11 करोड़ दिए हैं और काम एक भी नहीं हुआ। इतनी निठल्ली है, इतनी निकृष्ट है। क्या बोलूं मैं वहां मीडिया के सामने कि यहां पर ये सिर्फ तनख्वाह खाने के लिए आते हैं? हमारे प्रदेश के लोगों के बारे में क्या बोलूं मैं? कंगना ने कहा- एक सांसद का काम होता है पैसे देना। मार्च-अप्रैल तक 11 करोड़ में से सिर्फ बहुत कम खर्च हुआ। पूरे क्षेत्र में एक करोड़ भी यूज नहीं हुआ था दो सालों में। मिनिस्ट्री से मुझे इतने सारे लेटर भेजने पड़े। क्या उनको कोई और काम नहीं है क्या? हर दिन मेरे पीए, हर दिन मैं... हम लोग मिनिस्ट्री के ऑफिस में बैठे रहते थे। कई लोगों ने फंड लिए हुए हैं, काम शुरू नहीं कर रहे हैं। कई लोग फंड पर कुंडली मारकर बैठे हुए हैं। उनके पास लैंड नहीं है, उनके पास परमिशन नहीं हैं, झूठे MOUs पर साइन कराकर भेजे हुए हैं। तो आप लोगों का दायित्व बनता है कि उनको कहें कि अपना ये मनी रिटर्न करें।



# खिलाडियों के लिए लखनऊ में बन रहा स्पोर्टस इंजरी सेंटर

**लखनऊ, 5 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रही है। राजधानी लखनऊ स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में स्पोर्ट्स साइंस एंड इंजरी मैनेजमेंट सेंटर की स्थापना की जा



रही है। यह प्रदेश का पहला ऐसा सेंटर होगा, जहां खिलाड़ियों की फिटनेस, खेल संबंधी चोटों के उपचार, फिजियोथेरेपी, पुनर्वास, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और खेल प्रदर्शन में सुधार के लिए वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। सेंटर के निर्माण के बाद प्रदेश के खिलाड़ियों को खेल संबंधी चोटों के इलाज और आधुनिक पुनर्वास के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक चिकित्सा एवं खेल विज्ञान सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। इससे खिलाड़ियों को समय पर उपचार मिलने के साथ उनकी रिकवरी और खेल में वापसी की प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी हो सकेगी।